संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज समूह संपादक : रवि भारद्वाज करनाल, गुरूवार, 18 अप्रैल 2024 ₹ 2 www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive



कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव मीडिया से मुखातिब होने से पूर्व।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 106 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा। -भागवद्"

## मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। -स्वामी विवेकानंद"

## तीसरी आंख




# दिव्य, अलौकिक: रामलला का 'सूर्यतिलक'

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का पहला सूर्य तिलकः 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में 3 मिनट तक माथे पर पड़ीं नीली किरणें, राम के ललाट पर सूर्य देव ने किया तिलक


**अद्भुत**

8 दोपहर में जैसे ही घड़ी में 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा भगवान राम के चेहरे पर पहुंच गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्याः** रामलला का सूर्य अभिषेक दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर हुआ। सूर्य की किरणें रामलला के चेहरे पर पड़ीं। करीब 75 मिमी का टीका राम के चेहरे पर बना। दुनिया भक्ति और विज्ञान के अद्भुत संगम को भक्तिभाव से निहारती रही। यह धर्म और विज्ञान का भी चमत्कारिक मेल रहा। इस सूर्य तिलक के लिए वैज्ञानिकों ने कई महीने से तैयारी की थी। इसके लिए कई ट्रायल किए गए। दोपहर में जैसे ही घड़ी में 12 बजकर 01 मिनट हुए सूर्य की किरणें सीधा राम के चेहरे पर पहुंच गईं। 12 बजकर एक मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक सूर्य अभिषेक होता रहा। पूरे पांच मिनट तक यह प्रक्रिया चली।

**पांच मिनट तक बना रहा टीकाः** वैज्ञानिकों ने बीते 20 वर्षों में अयोध्या के आकाश में सूर्य की गति अध्ययन किया है। सटीक दिशा आदि का निर्धारण करके मंदिर के ऊपरी तल पर रिफ्लेक्टर और लेंस स्थापित किया है। सूर्य रश्मियों को घुमा फिराकर रामलला के ललाट तक पहुंचाया गया। सूर्य की किरणें ऊपरी तल के लेंस पर पड़ीं। उसके बाद तीन लेंस से होती हुई दूसरे तल के मिरर पर आईं। अंत में सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर 75 मिलीमीटर के टीके के रूप में दैदीप्तिमान होती रहीं और ये लगभग पांच मिनट तक टिकी रहीं। सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक खास ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के सबसे ऊपरी तल (तीसरे तल) पर लगे दर्पण पर ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें पडेंग़ी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणे एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरा दर्पण लगा है। इस दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी।






## पीएम ने देखा सूर्य तिलक, बताया भावुक क्षण



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भगवान श्रीराम के उनके भव्य मंदिर में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण अपने टैब पर देखा। उन्होंने इसे बेहद ही भावुक क्षण बताया। यह दृश्य देखने से पूर्व ही उन्होंने विमान में भी अपनी चप्पलें उतारी हुई थी। प्रधानमंत्री ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद अयोध्या में हुए सूर्य तिलक का प्रसारण देखा। इस संबंध में उन्होंने फोटो साझा करते हुए एक्स पर कहा, नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

उल्लेखनीय है कि देशभर में चैत्र रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजे रामलला का सूर्य की किरणों से सूर्य तिलक किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विगत 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में आधुनिक और वैज्ञानिक विधि से ऐसी संरचना ही बनाई गई है कि श्रीराम जन्म के समय वहां विराजमान विग्रह के मस्तक पर पर सूर्य की सीधी रोशनी प्रकाशवान हो।

## रामलला को 56 प्रकार का लगा भोग

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने कहा कि सूर्य तिलक के दौरान भक्तों को राम मंदिर के अंदर जाने की अनुमति रही। मंदिर ट्रस्ट द्वारा लगभग 100 और सरकार द्वारा 50 एलईडी लगाई गईं। लोगों ने मंदिरों के बाहर से भी समारोह देखा। इस अवसर पर रामलला को 56 प्रकार का भोग प्रसाद भी लगाया गया।

**श्रद्धालुओं को लाने के लिए लगाई गईं 300 बसेंः** रामनवमी पर रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने पूरी ताकत झोंक दी। अयोध्या परिक्षेत्र के चार डिपो अयोध्या, सुलतानपुर, अमेठी और अकबरपुर डिपो की 200 बसों का संचालन फोरलेन पुल के नीचे बालू घाट पर बने अस्थाई बस स्टेशन से किया गया। इसके अलावा लखनऊ, आजमगढ़, देवीपाटन और गोरखपुर क्षेत्र की 50-50 मेला स्पेशल बसों का संचालन विशेष रूप से अयोध्या के लिए किया गया। ये बसें सीधे अस्थाई बस स्टेशन तक चलीं।

**बढ़ाई गई दर्शन की अवधिः** ट्रस्ट ने दर्शन की अवधि भी 19 घंटे तक बढ़ा दी है, जो मंगला आरती से शुरू होकर रात 11 बजे तक जारी रहेगी। चार भोग लगाने के दौरान सिर्फ पांच मिनट के लिए पर्दा बंद रहेगा।

**सुरक्षा व्यवस्था का किया गया पुख्ता इंतजामः** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी (अयोध्या रेंज) प्रवीण कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। आईजी ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, "सभी इलाकों को जोन और सेक्टर में बांट दिया गया है। हमारे स्वयंसेवकों और फोर्स मल्टीप्लायरों को तैनात किया गया है।

## कोविड मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाई है। दरअसल महाराष्ट्र सरकार ने कोरोना से जान गंवाने वाली एक नर्स के पति की 50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग ठुकरा दी थी। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा कि आप इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं? कोर्ट ने नर्स के पति की याचिका पर सरकार से जवाब मांगा है और दो हफ्ते बाद फिर से इस मामले पर सुनवाई करेगी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि 'आप इतने असंवेदनशील कैसे हो सकते हैं? मृतका कोरोना मरीजों के इलाज में लगी थी, ऐसे में आप इसे खारिज कैसे कर सकते हैं? मामले से ज्यादा संवेदनशीलता के साथ निपटा जाना चाहिए था।'

**क्या है पूरा मामलाः** बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने सुधाकर पवार की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में सुधाकर पवार ने नवंबर 2023 में सरकार के उस आदेश को चुनौती दी है।

# '150 सीटों पर सिमटेगी एनडीए सरकार'

## 'वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सहयोगी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कौशांबी स्थित एक होटल में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन एनडीए को गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा।

राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी।



पत्रकारों को संबोधित करते हुए पहले अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और बीजेपी संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

## इस बार भी दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे सीएम पटनायक

**टीम एक्शन इंडिया**

**भुवनेश्वरः** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बताया कि वे गंजम जिले में अपनी पारंपरिक सीट हिंजिली के अलावा बोलंगीर जिले के कांटाबांजी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने इसकी घोषणा बुधवार को ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी करते हुए किया। पटनायक 2019 विधानसभा चुनाव में भी दो सीटों से चुनाव लड़े थे और हिंजिली एवं पश्चिमी ओडिशा के बारगढ़ जिले में बिजेपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने बिजेपुर सीट छोड़ दिया था।

# तेजस्वी यादव से दुःखी हूं: चिराग पासवान

## मेरे सामने उनकी मां-बहन को कोई गाली नहीं दे सकताः चिराग पासवान

**टीम एक्शन इंडिया**

**जमुईः** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार थमने से पहले जमुई में एक वीडियो वायरल हुआ और इसने पूरी राजनीति में तूफान ला दिया। 'अब जमुई के सांसद और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने इस वीडियो और लोकसभा चुनाव पर बातचीत की। इस बातचीत में चिराग ने बताया कि वह तेजस्वी यादव से दुःखी हैं। उन्होंने राजद की महिला प्रत्याशी और तेजस्वी यादव के रुख पर भी बात की। चिराग ने युवाओं की मांग से लेकर जमुई की जरूरतों पर भी खुलकर बात की।



**चिराग बोले- मेरे परिवार को गाली दी गईः** वायरल वीडियो पर चिराग पासवान ने कहा कि उस मंच पर मेरे छोटे भाई तेजस्वी यादव खड़े थे। तेजस्वी से मेरा रिश्ता काफी पुराना है। हम दोनों अलग-अलग राजनीतिक खेमे में हैं लेकिन इस कारण हमलोग एक-दूसरे के परिवार को गाली तो नहीं देंगे न। उस मंच पर तेजस्वी यादव मौजूद थे, उनके सामने जिस तरह मेरे परिवार को गाली दी गई। मेरी मां और मेरी बहन के बारे में टिप्पणी की गईं यह काफी दुखद है।

**साधा निशाना**

8 उस मंच पर तेजस्वी यादव मौजूद थे, उनके सामने जिस तरह मेरे परिवार को गाली दी गई, उससे दुख हुआ

## चुनाव आयोग ने चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव को 5 अप्रैल को सिरसिला में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर नोटिस जारी किया है। आयोग ने बुधवार को नोटिस जारी करने के साथ ही उनसे 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक अपनी टिप्पणियों के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। के. चंद्रशेखर राव ने एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने देने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** तिहाड़ में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील श्रीकांत प्रसाद ने दायर याचिका में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करने की इजाजत दिए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि न तो देश का संविधान और न ही कोई कानून प्रधानमंत्री या किसी मुख्यमंत्री को जेल से सरकार चलाने से रोकता है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात करने के लिए जरूरी प्रबंध करने के दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। याचिका में मांग की गई है कि मीडिया को अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और दिल्ली में राष्ट्रपति शासन से संबंधित सनसनीखेज खबरें और हेडलाइन चलाने से रोका जाए। याचिका में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के खिलाफ केजरीवाल पर इस्तीफा देने के लिए दबाव बनाने, 10 अप्रैल को दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर किए गए विरोध प्रदर्शन के लिए कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले सात सालों में दिल्ली सरकार ने स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। वर्तमान में दिल्ली की स्थिति जनता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने जैसी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 15 मार्च को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी थी।



**तकनीक**

8 न तो देश का संविधान और न ही कोई कानून पीएम या किसी सीएम को जेल से सरकार चलाने से रोकता है

# भगवान राम का विरोध करने वालों का पतन हुआ है: सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, "भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है।

**साधा निशाना**

8 परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के वादे पर रुख साफ करे कांग्रेसः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**चुनावी वादे**

पार्टी के घोषणापत्र में बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान किया गया है

# पश्चिम बंगाल: टीएमसी ने जारी किया घोषणापत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** लोकसभा चुनाव के लिए बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी के नेता डेरेक ओ ब्रायन समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने घोषणापत्र जारी किया। पार्टी के घोषणापत्र में बंगाल में एनआरसी लागू न होने देने का एलान किया गया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें लिखा गया है कि 'हमे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते हुए खुशी हो रही है। दीदी की शपथ के साथ हम हर भारतीय को रोजगार की गारंटी, सभी को घर, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसानों को एमएसपी, एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति देने की कसम खाते हैं। हम साथ में भाजपा के जमींदारों को उखाड़ फेकेंगे और सभी के सम्मानित जिंदगी सुनिश्चित करेंगे।'




**टीएमसी के घोषणापत्र के बड़े एलानः** टीएमसी ने अपने घोषणापत्र में सीएए कानून को निरस्त करने और एनआरसी को लागू न होने देने का वादा किया है। साथ ही पूरे देश में कहीं भी समान नागरिक संहिता को भी लागू नहीं करने का भी वादा किया गया है। टीएमसी के घोषणापत्र में सभी नौकरी कार्ड धारकों को 100 दिन की रोजगार गारंटी देने की बात कही गई है और कामगारों को एक दिन की न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन देने की बात कही गई है। सभी बीपीएल परिवारों को हर साल 10 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। सभी राशन कार्ड धारकों को हर महीने पांच किलो राशन मुफ्त दिया जाएगा।

साथ ही राशन की लोगों को घर पर डिलीवरी की जाएगी और इसका कोई भी चार्ज नहीं देना होगा। एससी,एसटी और ओबीसी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए मिलने वाली छात्रवृत्ति की रकम बढ़ाई जाएगी।

**वादे**

8 टीएमसी ने सीएए कानून को निरस्त करने और एनआरसी को लागू न होने देने का वादा किया है

## सनातन संस्कृति को अपमानित करते हैं विपक्षी दलः बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल सनातन संस्कृति को अपमानित करते रहे हैं। श्रीरामनवमी के मौके पर भी इंडी गठबंधन के नेता भारतीय संस्कृति को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। बुधवार को मीडिया से बातचीत में राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि जब पूरा भारत और दुनिया रामनवमी का पर्व मना रहा है, तब इंडी गठबंधन के नेता भारत और इसकी संस्कृति को अपमानित करने से नहीं चूक रहे हैं।

# विपक्ष गरीब के विकास पर दुखी है: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने** महम में आयोजित विजय संकल्प रैली में संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। अभी चुनाव आचार संहित लगी हुई, ऐसे में ज्यादा कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं। भाजपा नेत्री राधा अहलावत ने महम चौबीसी की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर देने, आयुष्मान कार्ड, गरीबों को मुफ्त अनाज देने, हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने, 24 घंटे बिजली देने का जिक्र करते

**साधा निशाना**

8 प्रदेश के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। अभी चुनाव आचार संहित लगी हुई है

हुए कहा कि कांग्रेस के राज में केवल बातें होती थी काम नहीं होता था और आज बातें कम होती हैं और काम ज्यादा होता है। फोरलेन सड़कों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हाईवे बहुत कम थे लेकिन आज पूरा देश हाईवे पर दौड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष गरीब के विकास पर दुखी है



क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा गरीब को अपना वोट बैंक माना है और उसने कभी उनके हित के लिए काम नहीं किया। वर्तमान सरकार ने गरीबों को ऊपर उठने के लिए उनके हित में योजनाएं बनाई है और उन योजनाओं का उन्हें लाभ देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने एक विवादित बयान देते हुए कहा कि सेना में पत्थरबाजी करने वाली कांग्रेस है।

**परिवारवादी-भ्रष्टाचारियों के बहकावे में कर रहे हैं विरोध-अरविंद शर्मा**

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा ने केंद्र सरकार की नीतियों का बखुबी बखान किया और कहा कि पूरे देश के नौजवानों को मोदी सरकार की नीतियां पसंद आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज गुंडागर्दी पूरी तरह से खत्म हो गई है। पहले जिस प्रकार लोग किसी की भी जमीन पर कब्जा कर लेते थे वह भी समाप्त हो गई है। कुछ गांव में अपने विरोध का जिक्र भी अरविंद शर्मा ने किया लेकिन इसके लिए उन्होंने कहा कि परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों के बहकावे में आकर कुछ लोगों ने यह काम किया है।

**मोदी के नेतृत्व में देश बना बड़ी ताकत-दलाल**

मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि लोग अब कांग्रेस के बहकावे में आने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता हथियाना के लिए झूठ बोलने का काम कर रही है लेकिन अब देश की जनता समझदार हो गई है और वह यह जानती है कि कौन उसका भला कर सकता है और कौन नहीं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की बड़ी ताकत बनकर उभरा है।

भाजपा की आयोजित विजय संकल्प रैली को राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा, रोहतक लोकसभा चुनाव प्रभारी राजीव जैन, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, शमशेर खरकड़ा, महंत सतीश दास, मनमोहन गोयल, सिंह नांदल, पूर्व मेयर रेनू डाबला, राधा अहलावत, दीपक हुड्ड, मंजू हुड्डा ने भी संबोधित किया।

# विहिप ने श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली बाइक यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

जींदः विश्व हिंदू परिषद द्वारा बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। इस बाइक यात्रा में शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने सहभागिता की। श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद यह पहला रामनवमी का उत्सव है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के सरंक्षक महेश मंगला ने कहा कि हिंदू शक्ति संगठित हो रही है। हम ईसाई मशीनरी के द्वारा धर्म परिवर्तन के प्रयासों पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि ईसाई मशीनरी द्वारा धर्म परिवर्तन के प्रयासों पर नजर रखे, नही तो बजरंग दल उन प्रयासों को रोकेगा। दीप्ति मित्तल व जिलाध्यक्ष सुशील सिंगला ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया और कहा कि रामनवमी का पर्व शुक्ल पक्ष या हिंदू चंद्र वर्ष की चैत्र महीने की नवमी पर मनाया जाता है। यह पर्व भगवान विष्णु के अवतार मयार्दा पुरूषोत्तम राम के जन्म/संजीव की स्मृति में मनाया जाता है। इसदिन को रामनवमी भी कहा जाता है।

प्रांत उपाध्यक्ष राधेश्याम चिल्लाना ने कहा कि रामनवमी का व्रत करने से व्यक्ति के ज्ञान में वृद्धि होती है। उसकी धैर्य शक्ति का विस्तार होता है। जब इस व्रत को निष्काम भाव से किया जाता है तो इस व्रत का फल सबसे अधिक मिलता है।

## न्यूज फ्लैश

### कंबोडिया भेजकर काम दिलवाने का झांसा दे हड़पे दो लाख रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक युवक को कम्बोडिया में काम दिलवाने का झांसा दे उससे दो लाख रुपये हड़पने पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव पिंडारा निवासी रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति भास्कर की सुलतानपुर निवासी सुनील मलिक के साथ जान-पहचान थी। रोबिन और नरेंद्र सुनील के साथ मिल कर युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। सुनील के साथ उसके पति ने कम्बोडिया में वर्क वीजा के आधार पर काम दिलवाने की बात की थी। सुनील ने बताया था कि एक साल तक काम दिलवाएंगे और उसके लिए उन्हें 800 से 1100 डालर प्रति माह मिलेंगे। हर रोज आठ घंटे काम करना होगा। आठ घंटे से ज्यादा काम का ओवरटाइम मिलेगा। इसकी एवज में दो लाख रुपये खर्च आने की बात सुनील और उसके साथियों ने कही। इसके अलावा 25 से 30 हजार रुपये एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन काउंटर पर दिखाने के लिए अलग से लगेंगे। रेखा ने बताया कि उसका पति भास्कर कम्बोडिया के लिए निकला था। पहले उसे थाईलैंड के पटाया में नरेंद्र से मिलाया गया। वहां उससे 418 डालर ले लिए गए, जबकि कंबोडिया की फीस 40 डालर ही है। वहां जाकर जितने भी रुपये खर्च हुए, उसका पति अपनी जेब से खर्च करता रहा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने रेखा की शिकायत पर सुनील, रोबिन व नरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### फतेहाबाद जिला में हैं 714803 पंजीकृत मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** उपायुक्त एवं जिल निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने जिला फतेहाबाद के 714803 पंजीकृत मतदाताओं से अपील की कि वे 25 मई को हरियाणा में होने वाले आम चुनावों में बढ़ चढकर मतदान करें, क्योंकि लोकतंत्र में हर वोट कीमती होता है और कभी-कभार तो प्रत्याशी मामूली अंतर से भी जीत दर्ज करता है। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 714803 मतदाता है जिनमें से 713336 सामान्य मतदाता तथा 1467 सर्विस मतदाता है। टोहाना विधानसभा में कुल 230076 मतदाता है, जिसमें से 229632 सामान्य मतदाता व 444 सर्विस मतदाता है। फतेहाबाद विधानसभा में कुल 257685 मतदाता है, जिसमें से 257059 सामान्य मतदाता व 626 सर्विस मतदाता है। रतिया विधानसभा में कुल 227042 मतदाता है, जिसमें से 226645 सामान्य मतदाता व 397 सर्विस मतदाता है। उपायुक्त राहुल नरवाल बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप बनाई गई है। इस एप के माध्यम से कहीं पर यदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन की जानकारी नागरिकों को होती है तो वे इसके माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत का निपटान 100 मिनट के अंदर विभाग द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का निपटारा अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा नियमानुसार किया जाता है।

### 15 मिनट तक मकान पर बरसाए पत्थर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** सारन थाने में न्यू जनता कॉलोनी के रहने वाली राजेश देवी ने दी शिकायत में बताया कि रात को वह अपने घर में सो रही थी। अचानक घर के शीशे को तोड़ते हुए पत्थर अंदर आकर गिरा। उसकी नींद खुल गई। अभी वह उठती, तभी दूसरा पत्थर भी अंदर आ गया। खिड़की का शीशा टूटकर उसे लग गया। इसके बाद करीब 15 मिनट तक पत्थरबाजी होती रही। वह डर की वजह से चुप कमरे के कोने में बैठ गई। बाद में उसने बाहर झांककर देखा तो कुछ युवक खड़े थे जो पत्थर बरसा रहे थे।

**आरोपितों की हरकत की बनाई वीडियो:** उन्होंने आरोपितों की इस हरकत की वीडियो बना ली। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके घर के पार्क में कुछ युवक गांजा व दारू पीते थे। इन युवकों को कई बार मना किया, लेकिन वह नहीं माने और उनके साथ झगड़ा किया। बीती रात को भी जब पार्क युवक बैठे थे तो भी उन युवकों को टोका गया। उस समय युवक धमकी देकर चले गए थे।

रात को फिर इकट्ठे होकर आए और हमला कर दिया। बेटे व उसकी पत्नी के रोकने पर आरोपितों ने उन पर भी हमला किया। आरोपितों में गोलू मेहताब और अन्य चार शामिल थे। उन्होंने बताया कि उनके पति ह्रदय रोगी है। दो बार अटैक आ चुका है। इस वारदात से सभी को सदमा पहुंचा है। आरोपित दोबारा हमला कर सकते हैं। आरोपित आपराधिक किस्म के हैं। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

# नैना और पांच विधायकों की सदस्यता रद्द करने के मामले में 25 को होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने जेजेपी नेता नैना चौटाला व अन्य चार विधायकों की विधानसभा के स्पीकर द्वारा उनकी सदस्यता रद्द करने के खिलाफ याचिका पर बहस 25 अप्रैल को तय की है।

**अभय चौटाला ने दायर किया जवाब: इस** मामले में अभय चौटाला की तरफ से जवाब दायर कर नैना चौटाला व अन्य की सदस्यता रद्द करने के फैसले को सही ठहराया गया है। 13वीं विधानसभा में नैना ने स्पीकर द्वारा उनकी सदस्यता रद करने को चुनौती दी है। याचिका में आरोप लगाया गया कि विधानसभा अध्यक्ष ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर फैसला सुनाया है। इन विधायकों ने विस अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा था। इसके बाद अभय सिंह चौटाला ने दल-बदल कानून के तहत इन विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने की मांग की थी। इन विधायकों में नैना चौटाला भी शामिल थी, जो जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला की मां है। इसके अलावा राजदीप फौगाट, अनूप धानक, पिरथी नंबरदार और नसीम अहमद को स्पीकर द्वारा अयोग्य करार दिया गया था। बता दें कि पहले ये सभी इनेलो के विधायक थे, लेकिन बाद में इनमें से चार ने जेजेपी और एक ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी।

# जींद में अब नहीं चलेंगी 10 साल पुरानी स्कूल बसें

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** सड़क सुरक्षा समिति की डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्कूल संचालकों को भी बुलाया गया। बैठक में डीसी ने स्कूल संचालकों से कहा कि किसी भी सूरत में 10 साल से पुरानी स्कूल बस को जींद जिले में नहीं चलने दिया जाएगा। जिन स्कूलों के पास 10 साल पुरानी बस है। वो एनओसी बनवा कर एनसीआर से बाहर बेच सकते हैं। डीसी ने प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों के लिए सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी सरकार द्वारा बनाई गई है। इसके तहत विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों में




जरूरी उपकरण और अन्य व्यवस्थाएं होना जरूरी है। उन्होंने सभी निजी शिक्षण संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए कि वे स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा और सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी की पालना करें। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किसी भी स्कूल के संचालक को नियमों की अवहेलना करने की छूट नहीं है। बता दें कि जिले में करीब 900 स्कूल बस हैं। 10 साल से ज्यादा पुरानी हैं। जो पुरानी बसें हैं, वे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के निजी स्कूलों के पास हैं। कम बजट के चक्कर में निजी स्कूल संचालक पुरानी बसें खरीद लेते हैं। जो मानकों पर खरा नहीं उतरती हैं। इन बसों में निर्धारित सीट की तुलना में विद्यार्थी भी ज्यादा बैठाए जाते हैं। ऐसे में इन स्कूलों की

**आदेश**

8 स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा और सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी की पालना करें

दिक्कत बढ़ेगी। महेंद्रगढ़ में हुई हादसे के बाद से प्रशासन ने मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली बसों पर सख्ती बरतनी शुरू की है।

तभी से कई निजी स्कूल बंद हैं और सरकार व प्रशासन की जो सख्ती चल रही है, उसके शांत होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग की टीमें भी स्कूलों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था देख रही हैं।

# बाबा अमरनाथ यात्रा: एडवांस रजिस्ट्रेशन ने श्रद्धालुओं के छुड़ाए पसीने

**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबाला:** प्रसिद्ध बाबा अमरनाथ बर्फानी यात्रा के एडवांस पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं के अभी से पहले पसीने छूटने शुरू हो गए हैं। 29 जून से शुरू होकर यह यात्रा 19 अगस्त को संपन्न होगी। यात्रा में शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालुओं को पहले ही कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। छावनी नागरिक अस्पताल और जिला नागरिक अस्पताल दोनों में इसके लिए श्रद्धालु अपना मेडिकल करवा सकते हैं। इसके लिए सिविल सर्जन डाक्टर राकेश सहल,

**परेशानी**

8 यात्रा में शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालुओं को पहले ही कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

प्रधान चिकित्सा अधिकारी डाक्टर संगीता गोयल और प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. लोकवीर को अधिकृत किया गया है।

**श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल के बाद की प्रक्रिया हो रही जटिल:** जैसे-तैसे घंटों लाइनों में लगकर श्रद्धालु अंबाला शहर और छावनी नागरिक अस्पताल से अपना मेडिकल तो करवा रहे हैं लेकिन इसके बाद आगे की प्रक्रिया बेहद जटिल है। दरअसल अंबाला शहर में पंजाब एंड नेशनल बैंक की केवल एक शाखा और छावनी में जेएंडके बैंक की एक ही शाखा को इसके लिए अधिकृत किया गया है। इन्हीं दोनों बैंक की शाखाओं से रजिस्ट्रेशन फीस फोरम लिया जा सकता है। इसी को लेने और फीस कटवाना सबसे बड़ी चुनौती है।

# निर्मोही अखाड़े ने सोनीपत में बनाया भव्य रामलला मंदिर

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर के लिए 200 वर्ष तक संघर्ष करने वाले और राम जन्मभूमि विवाद में मुख्य पक्षकार रहे निर्मोही अखाड़े ने सोनीपत जिले के खांडा गांव में रामलाल का एक भव्य मंदिर बनाया है। 416 वर्ष पुराने इस मठ का जीणोर्दार कर ,इसे भव्य रूप दिया गया। देशभर से पहुंचे निर्मोही अखाड़े के संतों ने 7 दिनों तक चली प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में भाग लिया और भगवान राम लाल की प्रतिमा को उनके जन्मदिन रामनवमी को प्राण प्रतिष्ठित किया। भगवान राम के बाल रूप विग्रह को सफेद मकराना संगमरमर से बनाया गया है।

# यूपीएससी की परीक्षा में सृष्टि मिश्रा ने प्राप्त की 95वीं रैंक

**टीम एक्शन इंडिया**

फरीदाबादः फरीदाबाद के सेक्टर-88 अमोलिक सोसाइटी में अपनी मौसी के पास रहकर यूपीएससी की तैयारी करने वाली सृष्टि मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा में 95वी रैंक हासिल कर अपने परिवार और फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। सृष्टि मिश्रा ने बुधवार को बताया कि उनकी अधिकतर पढ़ाई देश के बाहर कंबोडिया में हुई है और जब भारत पहुंची तो उन्होंने 2022 में पहली बार यूपीएससी की परीक्षा में भाग लिया, परंतु उन्हें सफलता नहीं मिल पाई। वह फिर लगातार यूपीएससी की तैयारी करती रही। आखिरकार उन्होंने इस बार यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसके लिए वह अपने पूरे परिवार का धन्यवाद करती हैं और खास तौर पर वह अपनी मौसी का धन्यवाद करती है। बता दें कि सृष्टि मिश्रा मूल रुप से यूपी के जौनपुर की रहने वाली है और उनकी अधिकांश पढ़ाई कंबोडिया में हुई है। उनके पिता आदर्श कुमार मिश्रा है और माता का नाम बबीता मिश्रा है। पिता विदेश मंत्रालय में अधिकारी हैं और वर्तमान में ब्राजील में तैनात हैं। माता गृहणी हैं। सृष्टि मिश्रा ने बताया कि वह अपनी मौसा उमेश पांडे और मौसी सुनीता पांडे के पास फरीदाबाद के सेक्टर 88 स्थित अमोलिक सोसाइटी में रहती है। यहीं पर रहते हुए उसने यूपीएससी की तैयारी की। उसने बताया कि, उसकी इस सफलता में मौसा-मौसी का पूरा योगदान



**परचम**

8 वह चाहती हैं कि अब सृष्टि लोगों के लिए काम करें और पूरा सहयोग करें

है। बेटी सृष्टि की सफलता के बाद मौसी सुनीता की खुशी का ठिकाना नहीं है। सृष्टि की मौसी सुनीता ने कहा कि उसने कभी सृष्टि को अपनी बहन की बेटी नहीं, बल्कि अपनी खुद की बेटी मानकर उसका सहयोग किया है। उसे पढ़ाई में दिक्कत ना हो, इसके लिए उन्होंने मौलिक सोसाइटी में अपने फ्लैट से अलग एक और फ्लैट लिया था। जिसमें सृष्टि अकेले रहकर यूपीएससी की पढ़ाई करती थी।

मौसी ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि अब सृष्टि लोगों के लिए काम करें और पूरा सहयोग करें। सृष्टि की छोटी बहन 12वीं क्लास में पढ़ रही है। छोटा भाई 5 साल का है।

# तंवर-कांडा ने यूपीएससी में पास कोमल को दी बधाई

## यूपीएससी की परीक्षा में कोमल गर्ग ले हासिल किया 221 वां रैंक, विधायक गोपाल ने फोन पर दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसा:** यूपीएससी परीक्षा में अपने तीसरे प्रयास में 221 वां रैंक हासिल करने वाली 25 वर्षीय कोमल गर्ग पुत्र संजय गर्ग निवासी अग्रसेन कालोनी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सिरसा के विधायक्र गोपाल कांडा ने फोन पर कोमल गर्ग और उसके परिजनों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा व डा अशोक तंवर ने कोमल को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। कांडा बधुओं ने कहा कि देशभर में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली कोमल पर



सिरसावासियों को गर्व है। सिरसा की अग्रसेन कालोनी गली नंबर पांच निवासी संजय गर्ग और चंचल गर्ग की 25 वर्षीय पुत्री कोमल गर्ग ने यूपीएससी परीक्षा में अपने तीसरे प्रयास में 221 वां रैंक हासिल किया है। कांडा बंधुओं ने कहा कि देशभर में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली कोमल पर सिरसावासियों को गर्व है। कोमल गर्ग ने अपनी 12 वीं तक की पढ़ाई महाराजा अग्रसेन स्कूल सिरसा से पूर्ण की इसके

**सम्मान**

8 वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा व डा अशोक तंवर ने कोमल को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी

बाद उसने दिल्ली विश्व विद्यालय के मिरांडा हाऊस कालेज से स्नातक किया, बाद में इग्नू से लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री हासिल की।

उसका छोटा भाई एमबीबीएस कर रहा है तो बड़ी बहन सीए है।

# सक्षम एप पर चार श्रेणियों में मतदाताओं को मिलेगा सभी सेवाओं का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का उपयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बुधवार को बताया कि एप दिव्यांग मतदाताओं के लिए नामांकन से लेकर मतदान के दिन की सुविधाओं तक वन-स्टॉप शॉप है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि मतदाताओं द्वारा एप के बढ़ते उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन, लेआउट, इंटरफेस और सुविधाओं को नया रूप दिया गया है। सक्षम एप के इंटरफेस को उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल बनाया गया है जिसमें उपयोगकर्ता स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन आदि के माध्यम से एप को नेविगेट कर सकता है। दिव्यांगजन मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाने तक एप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एप को डिजाइन करते समय दिव्यांगजनों की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है। इसके लिए दिव्यांगजन उपयोगकर्ता के पास एक सक्रिय मोबाइल नंबर होना चाहिए, जिस पर एप की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ओटीपी भेजा जाएगा। सक्षम एप पर सभी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए चार श्रेणियों में बांटा गया है।

प्रथम श्रेणी पंजीकरण, जिसमें पीडब्ल्यूडी मार्किंग, नए मतदाता पंजीकरण, सुधार के लिए अनुरोध, प्रवास के लिए अनुरोध, हटाने के लिए अनुरोध, चुनावी (आधार) प्रमाणीकरण के लिए अनुरोध और किए गए अनुरोध की स्थिति ट्रैकिंग से संबंधित विकल्प उपलब्ध हैं।

# इजरायल में फंसे हरियाणा के युवकों ने चिंतित परिजनों से की बात

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतकः** इजरायल-हमास में युद्ध के बीच अब ईरान द्वारा किए गए हमले से इजरायल में हालात खराब हो गए हैं। युद्ध के हालातों में इजरायल गए हरियाणा के युवाओं के स्वजन को चिंता सताने लगी है। वे अपने बच्चों की सलामती की दुआ कर रहे हैं, लेकिन इजरायल गए युवाओं का कहना है कि यहां किसी तरह का खतरा फिलहाल नहीं है। इसलिए हमारी चिंता करने की जरूरत नहीं है। बेशक, युवा वहां सुरक्षित हैं, लेकिन स्वजन की मांग है कि भारत सरकार इजरायल की परिस्थितियों पर नजर बनाए रखे, ताकि कोई संकट खड़ा हो जाए तो प्रदेश के युवाओं को सकुशल देश लाया जा सके। झज्जर, सोनीपत, कुरुक्षेत्र और कई



अन्य जिलों से युवा इजरायल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए गए हुए हैं। भारत सरकार ने पिछले दिनों हरियाणा और उत्तर प्रदेश के 64 श्रमिकों के दल को रवाना किया था, जिसमें करीब 20 हरियाणा से हैं। हालांकि हरियाणा के 200 से अधिक युवाओं का चयन इजरायल जाने के लिए हो चुका है।

**मां चिंता मत करना, मैं यहां सुरक्षित हूं:** झज्जर के आजाद पुत्र जयभगवान 12 फरवरी, 2024 को दिल्ली की एक निजी कंपनी की तरफ से इजरायल गया था। मीडिया में आ रही खबरों को लेकर स्वजन में चिंता सताने लगी है। आजाद की पत्नी और दो बच्चे हैं। आजाद अपनी मां चंद्रकला, पत्नी और भाई प्रदीप के पास रोजाना मोबाइल पर वीडियो कॉल करता है। आजाद ने बताया कि मैं पूरी तरह से सुरक्षित हूं। जहां ईरान ने मिसाइलें दागी थीं, वो जगह उसके शहर से काफी दूर है। इसलिए चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

**यहां किसी प्रकार का नहीं है डर:** सोनीपत के सविन मोर ने मोबाइल पर वीडियो कॉल से बात की। सविन ने बताया कि उसकी ड्यूटी इजरायल के तेल अवीव में है। यहां किसी प्रकार का डर नहीं है, जिस होटल में रह रहे हैं, वहां अन्य भारतीय वर्कर्स भी हैं। जिस बिल्डिंग में हैं, वहां बेसमेंट में बंकर भी बने हैं। अगर कोई अलर्ट आता है तो बंकर में जा सकते हैं। सभी लोगों को व्यक्तिगत तौर पर अलर्ट सिस्टम दिया है। खाना-पीना सब ठीक है। इजरायल सरकार तकनीकी तौर पर काफी मजबूत है।

**हाथ में है वीजा, उड़ान का इंतजार:** रोहतक के गांव डोभ के विक्की और फूल कुमार ने बताया कि महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में कौशल परीक्षण दिया गया था। हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत पंजीकरण कराया था। कौशल परीक्षण में पास हो चुके हैं। मेडिकल भी हो चुका है। इजरायल जाने के लिए वीजा भी हाथ में आ गया है। उड़ान भरने का इंतजार था, लेकिन इजरायल पर ईरान द्वारा किए गए हमले के बाद हालात खराब होने की बात सामने आ रही है। भारत सरकार ने आगामी आदेशों तक इजरायल भेजने पर रोक लगा दी है।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 19 को: डॉ. ऋषिपाल मथाना

**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : भारतीय जनता पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 19 अप्रैल को प्रदेश कार्यालय रोहतक में होगी। यह जानकारी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. ऋषिपाल मथाना ने देते हुए बताया है कि बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा का मार्गदर्शन मिलेगा और प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ ओमप्रकाश अत्रेय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अबकी बार 400 पार करने के लिए हरियाणा प्रदेश में सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी विजयी हो, इस प्रकार की योजना भी बैठक में बनाई जाएगी। डॉ. मथाना ने बताया कि प्रदेश का बुद्धिजीवी वर्ग पार्टी के साथ अधिक से अधिक जुड़े इस प्रकार की योजना बैठक में तैयार की जाएगी।

### लोकसभा चुनाव को लेकर मंत्री ने किया जनसंपर्क



**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौल। हरियाणा** के सिंचाई मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने हल्का नांगल चौधरी के बड़े नायन गांव में रामकरण पूर्व सरपंच के प्रतिष्ठान पर एक सभा का आयोजन किया। इसमें आस पड़ोस के गांवों के पंच, सरपंच एवं सम्मानित व्यक्ति उपस्थित थे। डॉक्टर यादव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बताया कि 21 अप्रैल 2024 को प्रातः 10 :00 बजे अनाज मंडी नांगल चौधरी में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। इस अवसर पर मंत्री महोदय ने ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा उनका निराकरण भी किया।

### विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

नारनौल। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से जजपा पार्टी ने पूर्व विधायक राव बहादुरसिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। अपने इसी उम्मीदवार के समर्थन में मंगलवार शाम शहर के सिंघाना रोड स्थित पार्टी कार्यालय में नारनौल विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक लेने प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पहुंचे। यहां कार्यकताओं से रूबरू होने और लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर काम करने का आह्वान किया।

# अवैध खनन को लेकर डीसी ने अधिकारियों संग की बैठक

**उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजेंडे में रखे बिन्दुवार सम्बंधित अधिकारियों से समीक्षा की, बैठक के दौरान जिला खनन अधिकारी ने बताया कि 28 मार्च से लेकर 15 अप्रैल तक 21 वाहनों को जब्त करने का काम किया गया**

**समीक्षा बैठक**

8 अधिकारियों को निर्देश दिए की अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जायेगा।



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त डॉ. शालीन ने अवैध खनन विषय को लेकर अपने कार्यालय में सम्बधिंत अधिकारियों की एक बैठक लेकर समीक्षा की और सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जायेगा। उपायुक्त अपने कार्यालय में अवैध खनन विषय को लेकर जिला स्तर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजेंडे में रखे बिन्दूवार सम्बधिंत अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि 28 मार्च से लेकर 15 अप्रैल तक 21 वाहनों को जब्त करने का काम किया गया है। मिट्टी के परमिट व अवैध खनन के तहत जो वाहन पकड़े गए हैं, उसके तहत जुमार्ने के रूप में 71 लाख 52 हजार 183 रुपए की राशि राजस्व के रूप में प्राप्त की गई है। अवैध खनन के तहत संलिप्ता पाए जाने के मामले में 23 व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने का काम किया गया है। उपायुक्त ने बैठक के दौरान अवैध खनन को रोकने के दृष्टिगत माईनिंग विभाग, आरटीए विभाग व पोल्यूशन विभाग के साथ-साथ वन विभाग द्वारा जो कार्रवाई की जा रही है, उसकी भी समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए कि अवैध खनन के तहत जिसकी भी संलिप्ता पाई जाती है उसके खिलाफ नियमानुसार तुरंत कार्रवाई अमल में लाएं। पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि खनन विभाग द्वारा अवैध खनन में संलिप्तता पाए जाने के तहत जो शिकायत दी जाती है, उसमें सम्बन्धित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना भी सुनिश्चित करें।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक से स्क्रीनिंग प्लांट व क्रैशर के तहत जो कार्रवाई की जा रही है, उस बारे उपायुक्त ने जानकारी हासिल की। प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कुमार ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि जिले में 50 स्क्रीनिंग प्लांट है व 5 क्रैशर हैं। विभाग द्वारा समय-समय पर स्क्रीनिंग प्लांटो की चैकिंग भी की जा रही है। इस चैकिंग के तहत 28 स्क्रीनिंग प्लांटों को सीज करने का काम किया गया है तथा 12 स्क्रीनिंग प्लांटो के प्रतिनिधियों को नोटिस भी जारी किया गया है। बैठक में एसडीएम यश जालुका, डीटीओ सुशील कुमार, जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार, डीआरओ यश कुमार, जिला न्यायवादी संजीव वशिष्ट, डीएसपी रमेश कुमार, प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रिय प्रबंधक अजय कुमार के साथ-साथ संबधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहें।

## मंडियों में हो रही है किसानों को परेशानी:अभिमन्यु राव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल:**



**नारनौल:** एक तरफ सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने का दावा करती है, किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने का दावा करती है, लेकिन इन दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही है। जेजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव ने कहा कि सरकार ने इस सीजन में सरसों के लिए 5,650 रूपए प्रति किवंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया हुआ है, लेकिन मंडियों में किसानों की फसलों को खरीदने के नाम नाम पर उनकी परेशानी बढ़ाने का काम किया जा रहा है। किसान अपनी फसल को मंडी में लेकर पहुंच तो जाता है, लेकिन अपनी फसल को बेचने के लिए उनको कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। खरीद और उठान की धीमी रफ्तार के कारण किसानों को कई-कई दिनों तक मंडी में ही अपनी फसलों की निगरानी के लिए रूकना पड़ रहा है। इसके कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसिया नमी के बहाने सरसों को रिजेक्ट करने का काम कर रही हैं। ऐसी स्थिति में किसान के पास दो ही विकल्प बनते हैं, या तो वे अपनी सरसों को कम दामों में आढ़तियों को बेच दें, या फिर वहीं मंडी में ही रूक कर अपनी सरसों को सुखाने का काम करें। ऐसे में किसानों को अपनी सरसों कम दामों पर बेचनी पड़ रही है। अभिमन्यु राव ने कहा कि खरीद एजेंसियां सरसों की खरीद में मनमाना रवैया अपना रही है। प्रतिदिन खरीद नहीं हो पाने के कारण किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**आरोप**

8 मंडियों में सरसों खरीद की धीमी रफ्तार, नमी के बहाने रिजेक्ट कर किसानों को कर रहे परेशान

## रिटायर्ड फौजी की हत्या कर फ्रिज में डाला शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत**
**सोमपाल सैनी**



**4 दिन बाद उसी की दुकान के डी फ्रीज** से मिला शव। 13 अप्रैल को हुआ था रिटायर्ड फौजी लापता। 15 अप्रैल को पत्नी गीता ने करवाया था लापता होने का मामला दर्ज। 2 युवकों पर जताया जा रहा है शक। कई दिनों से लापता खरखौदा के गाँव रोहणा के विरेंद्र का शव उसकी ही दुकान में डी फ्रिज के अंदर मिला है। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेके पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। आपको बतादे कि 15 अप्रैल को पत्नी गीता ने अपने पति के लापता की शिकायत खरखौदा पुलिस को दी थी। जिसपर खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब करीब 4 दिन बाद वीरेंद्र का शव उसी की दुकान के अंदर दी फ्रीज में मिला है। आप को ये भी बता दे कि वीरेंद्र आईटीबीपी से रिटायर्ड है। जोकि हवलदार के पद से रिटायर्ड हुआ था। खरखौदा थाने के सब इंस्पेक्टर हरि प्रकाश ने बताया कि वीरेंद्र ने करीब 15 दिन पहले ही रोहणा गाँव के सांपला रोड पर एक शराब के ठेके के पास एक कन्फेक्शनरी की दुकान की थी। जिसका शव उसकी ही दुकान के अंदर डी फ्रीज में मिला है। फिलहाल खरखौदा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के शव गृह भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीसी के माध्यम से दिए दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने चण्डीगढ से आयोजित वीसी के माध्यम से उपायुक्तों से लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों बारे समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने वीसी की अध्यक्षता करते हुए लोकसभा आम चुनाव के तहत रैण्डमाईजेशन बारे, पोस्टल बैल्ट पेपर बारे, फार्म नम्बर 6 के तहत नई वोट से सम्बन्धित जो भी पैंडसी है तथा फार्म नम्बर 8 के तहत शिफ्टिंग वोट से सम्बन्धि पैंडसी बारे, प्रिंटिग ऑफ ईपीआईसी, काउंटिग हाल की व्यवस्था, डिस्ट्रीक कम्यूनिकेशन प्लान बारे, स्वीप एक्टीविटी, ट्रेनिंग ऑफ बीएलओ फॉर क्यू मैनेजमैंट एप बारे, ओल्डेस्ट वोटर बारे, पोस्टल बैल्ट पेपर अरेंजमैंट इत्यादि विषयों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से सम्बन्धित जो आवश्यक हिदायतें हैं उनकी अनुपालना के तहत सभी कार्यों को समय रहते पूरा करवाना सुनिश्चित करना है। उपायुक्त डॉ. शालीन ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को आश्वस्त किया कि वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले हैं उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्यों को समय रहते करवाया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। वीसी को देखने और सुनने के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने सम्बन्धित अधिकारीयों को कहा कि वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले है उसके तहत आगामी कार्यों को किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने सभी एआरओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के सैक्टर ऑफिसर की बैठक लेना सुनिश्चित करें। उन्हें जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है, उस प्रशिक्षण को बेहतर तरीके से हासिल करें ताकि उन्हें चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होने यह भी कहा कि एआरओ इंटर स्टेट जो नाके लगाए गये हैं वे उन नाकों का निरीक्षण करें। उन्होने यह भी कहा कि रैण्डमाईजेशन के लिए सम्बन्धित अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर शैडयूल तैयार करें ताकि सम्बन्धित को चुनाव प्रक्रिया से सम्बन्धित तमाम जानकारी समय रहते दी जा सके।

**निर्देश**

8 कई विषयों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पुलिस की महिला टीम ने शैक्षणिक स्थानों में छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस द्वारा महिलाओ विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-निर्देश में पुलिस की टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमो द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को, विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। मगलवार को महिला निरीक्षक पवना राणा की टीम ने राजकीय मिडिल स्कूल रतगल कुरुक्षेत्र में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधो के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सेल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए निरीक्षक पवना राणा ने कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। निरीक्षक ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें।

**अभियान**

8 पुलिस की टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानों मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे

## डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए गांव मधेड़ी में स्वीटी रंगा ने मांगे वोट

**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र/शाहबाद:** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए शाहाबाद हल्का के गांव मधेड़ी में वोट की अपील करते हुए स्वीटी रंगा। स्वीटी रंगा पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी से बहुत दुखी है और सभी मन बना चुके हैं कि अबकी बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हरियाणा से 10 की 10 लोकसभा सीटे इंडिया गठबंधन जीतेंगा।

स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहबाद के गांव गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार कर रही है और ग्रामीणों से वोट के लिए सहयोग मिल रहा है। स्वीटी रंगा ने में ग्राम वासियों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को झाडू का बटन दबाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को विजय बनाना है इस अवसर पर मीना रानी, लक्ष्मी, पूजा देबो रानी, राहुल मौजूद रहे।

## बुजुर्गों की सेवा-सम्मान पूजा से कम नहीं: राव

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल** । नम्बरदार जोखीराम स्मृति समिति, नीरपुर द्वारा आज बुधवार को शक्ति स्पोर्ट्स एकेडमी परिसर में बुजुर्ग सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बिजली वितरण निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह मुख्यातिथि थे और अध्यक्षता समिति के महासचिव, वरिष्ठ साहित्यकार रघुविन्द्र यादव ने की समारोह में गाँव नीरपुर के 80 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। राव सुखबिन्द्र ने पुण्यतिथि पर नम्बरदार जोखीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि व्यक्ति शरीर छोड़ जाता है, लेकिन अपने कर्मों से सदैव मौजूद रहता है नम्बरदार साहब ने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दिये हैं।

## निजी स्कूलों में बसों की चेकिंग लगातार जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के नियमों की अनुपालना करवाने के दृष्टिगत एसडीएम दर्शन कुमार ने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग व अन्य सम्बन्धित टीम में शामिल सदस्यों के साथ कईं स्कूलों का निरीक्षण करते हुए स्कूली वाहनों की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने स्कूली वाहन सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के तहत जारी हिदायतों एवं नियमों की पालना कर रहे हैं, उसकी भी बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित स्कूलों के प्रतिनिधियों को कहा कि वे नियमों की पालना करवाना सुनिश्चित करें। यह हम सबके हित के लिए है, किसी भी तरह से पैनिक न हों। नियमों की पालना करके हम अपने बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं। इस दौरान उन्होने एनसीसी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के साथ-साथ नन्यौला व चौडमस्तपुर स्थित स्कूलों का निरीक्षण करते हुए स्कूली वाहनों की जांच की। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य चालान काटना नहीं है, अपितू नियमों की पालना करवाना है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल प्रतिनिधि यह भी सुनिश्चित करें कि वह स्वयं तो स्कूली वाहनों में निर्धारित मापदंडों की पालना करें और इसके साथ ही स्कूल के बाहर जिन ऑटो रिक्शा से विद्यार्थी आते हैं, उन्हें भी सचेत करें कि वे क्षमता से अधिक बच्चे अपने ऑटो में न बिठाएं। इन सब बातों एवं हिदायतों का ध्यान रखते हुए हम दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे भी ध्यान रखें और अपने बच्चों को ऐसे वाहनों न भेंजे जिनमें क्षमता से अधिक बच्चे बिठाए जाते है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रतिनिधियों को कहा कि जो भी खामियां है, उन्हें वे पूरा करें।

**सख्ती**

8 अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को ऐसे वाहनों न भेंजे जिनमें क्षमता से अधिक बच्चे बिठाए जाते हैं

## सेवा ट्रस्ट यूके ने श्रीराम नवमी पर लगाया विशाल जूस का लंगर

**श्री राम जी के जन्म और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** श्रीराम नवमी के उपलक्ष में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से विशाल जूस के लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने हमारे आराध्य, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन अवतरण दिवस 'श्री राम नवमी' की समस्त देश वासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं । उन्होंने श्री राम जी के जन्म और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आवाहन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत भूमि धर्म भूमि है। इस भारतभूमि पर अनेक संतों, महात्माओं, पीर,पैगंबरों ,फकीरों और महापुरुषों का जन्म हुआ है। जिन्होंने अपनी दिव्य वाणी से समाज का पथ प्रदर्शन किया और समाज को रूढ़ियों,अंधविश्वासो और कुरीतियों से मुक्त करने का प्रयास किया। पूजा सैनी व राजेश सैन ने कहा की श्रीराम जी मर्यादापुरुषोत्तम है । उन्होंने कर्म की श्रेष्ठता पर बल दिया और मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त श्रीराम जी ने ऐसे समाज की परिकल्पना की जिसमें सभी धर्म, वर्ण, जाति और संप्रदाय के लोग आपस में प्रेमपूर्वक और भाईचारे की भावना से रह सके। खंड कोआर्डिनेटर विजय पंघाल, प्रवीन गोयल ने कहा कि आज शताब्दियों बीत जाने के बावजूद भी भगवान श्रीराम जी की वाणी उतनी ही प्रासंगिक और सार्थक है।आज भी उनकी वाणी समाज का पथ प्रदर्शन कर रही है। हमें चाहिए कि हम श्रीराम जी के दिखाए गए आदर्शों,सिद्धांतों और मार्ग पर चलते हुए एक आदर्श समाज के निर्माण कर सके। इस अवसर पर मास्टर रमेश गर्ग, विक्की सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना से स्नेहा, तेजस मित्तल, रवींद्र प्रजापति अमन गर्ग, उपस्थित रहे।

## 'पंफलेट-पोस्टर आदि पर प्रकाशक, प्रकाशन करवाने वाले का नाम होना जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशन करने वाले का नाम, प्रकाशन करवाने वाले का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होनी चाहिए। निर्वाचन विभाग की ओर से चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसलिए प्रिंटिंग प्रेस संचालक एनेक्सचर फार्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रैस से छपवाई गई और इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है। साथ ही कितनी प्रतियां छापी गई हैं, यह ब्यौरा भी प्रेस संचालकों को देना होगा।चुनाव तहसीलदार सरला ने कहा कि चुनाव प्रचार की सामग्री को प्रकाशित करने से पहले प्रेस संचालक इस बात की जांच कर लें कि प्रचार सामग्री की भाषा और विषयवस्तु में कोई आपत्तिजनक शब्द तो नहीं है। प्रचार सामग्री की भाषा किसी व्यक्ति या दल के प्रति अपमानजनक नहीं होनी चाहिए। यह शिकायत कहीं पाई गई तो प्रकाशन करवाने वाले तथा प्रकाशक दोनों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127ए के तहत कार्यवाही की जा सकती है। हैंडबिल, पंफलेट, पोस्टर, बैनर इत्यादि छापने का पूर्ण विवरण प्रेस संचालक अपने पास रखेंगे। इसे निर्वाचन विभाग की ओर से कभी भी मांगा जा सकता है। चुनाव प्रचार सामग्री के छापने पर पूरी जिम्मेदारी प्रकाशक तथा प्रकाशन करवाने वाले की रहेगी।

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि आगामी लोकसभा व चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से देश में तीसरी बार भाजपा की लोकप्रिय सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे शक्तिशाली प्रधानमंत्री व नेता हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने पिछले साढ़े 9 वर्षों में विकसित देशों की सूची में स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व के विकसित देशों की सूची में अव्वल नंबर पर होगा।

करनाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल कस्बा तरावड़ी में आयोजित कल्सटर जनसभा में पहुंचे। उन्होंने कार्यकताओं और उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ और सबका विकास ही हमें लोकसभा में विजय प्रदान करेगा। आज केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के कारण ही हर वर्ग, हर धर्म और जन-जन को इन योजनाओं को सीधा लाभ मिल रहा है। मनोहर लाल ने कहा कि आज हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सब भाजपा को पसंद करते हैं। गुमराह करने वाले आएंगे, लेकिन हमें राष्ट्र के विकास के लिए कार्य करना है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनप्रिय नीतियों के कारण देश विकसित हो रहा है। केंद्र की मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।




**सीधा लाभ**

8 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से देश में तीसरी बार भाजपा की लोकप्रिय सरकार बनेगी

# पुलिस ने 48 उद्घघोषित अपराधी व 71 बेल जंपर किए गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के आदेशों और दिशा-निर्देशों अनुसार जिला पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सुरक्षा को और अधिक पुख्ता करने के लिए एक विशेष अभियान की शुरूआत की गई है, जिसके तहत अब तक 48 उद्घोषित अपराधी व 71 बेल जंपर अपराधी गिरफ्तार किए गए। इससे अलावा जिला पुलिस द्वारा इस समय के दौरान 4 अवैध देशी पिस्तौल, 2 चाकू व 4 कारतुस, 317.080 किलोग्राम चुरापोस्त, 1.591 किलोग्राम चरस, 18.173 किलोग्राम गांजा पती, 49 ग्राम स्मैक, 01.443 किलोग्राम अफीम, 48 अफीम के पौधे 4.415 किलोग्राम, 446 ग्राम नशे की गोलियां व कैप्सुल, लाहन व अवैध शराब 8846.05 लीटर बरामद की गई। इनके संबंध में जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग थानों में अब तक कुल 27 मामले दर्ज किए गए व इन सभी मामलों में 41 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा 294 नोन बेलेबल वारंटों की तामील करवाकर उनका निपटारा करवाया गया है। पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के अंतर्गत पकड़े गए उपरोक्त माल मुकदमा की कीमत करीब 33,79,099 रुपए है। इस अभियान के तहत ही जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर शहर व आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग की जा रही है।



**विशेष अभियान**

8 शुरूआत की गई है, जिसके तहत अब तक 48 उद्घोषित अपराधी व 71 बेल जंपर अपराधी गिरफ्तार

## न्यूज फ्लैश

### दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए सक्षम एप : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि चुनाव के दौरान दिव्यांगों की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से सक्षम एप शुरू किया गया है। आयोग द्वारा सभी वर्गों की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है, ताकि दिव्यांगों के लिए मताधिकार के प्रयोग को सहज एवं सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में नाम जांचने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकेंगे। साथ ही वे नए मतदाता के रूप में पंजीकरण भी करवा सकते हैं। वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुड़वाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध भी कर सकते हैं। इसके अलावा इस एप से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

### महंत राजेंद्र पुरी ने कहा रामनवमी पर इस बार पूरे विश्व के लिए अदभुत अवसर रहा

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जग ज्योति** दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने श्री राम नवमी के अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बार रामनवमी पर पूरे विश्व के लिए अदभुत अवसर रहा। यह अवसर पूरे देश के लिए ऐतिहासिक और अद्भूत क्षण का गवाह बना जब अयोध्या में रामलला का सूर्य की किरणों ने अभिषेक किया।महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि भगवान श्री राम के नाम में वह शक्ति है जिसे इस सृष्टि में शब्दों में व्याख्यान करना भी मुश्किल है। भगवान श्री राम के तो नाम मात्र से ही जीवन का कल्याण हो जाता है। उन्होंने भगवान श्रीराम के जीवन के महत्व के बारे में बताया कि भगवान श्री राम के नाम मात्र का स्मरण करने से ही मानव जीवन धन्य हो जाता है।

# तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एम.ए. अंग्रेजी अंतिम ईयर के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया। आई. बी. पी.जी कॉलेज की चार छात्र-छात्राओं ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, सप्तम् एवं नवम् स्थान प्राप्त किया। प्रिया एवं शाहिद ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मुस्कान एवं ज्योति ने क्रमशः सप्तम् एवं नवम् स्थान प्राप्त किया। प्रबंध-समिति ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग, अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम और विभाग के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए, विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ उत्तम शिक्षण-अध्ययन वातावरण बनाये रखने पर जोर दिया जाता है जिसके परिणामस्वरूप महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त करते रहते हैं अंग्रेजी विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने छात्रों को बधाई दी और बताया कि मुस्कान व शाहिद पहले भी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर चुके हैं छात्राओं ने सफलता का श्रेय डॉ. नीलम, डॉ. निधि, डॉ. स्वाति, डॉ. नेहा, डॉ. मधु शर्मा, डॉ. विनय वाधवा, प्रो. सोनल, प्रो. प्रिया बरेजा, प्रो. रेखा शर्मा, मिस मंजली, मिस मन्जू मलिक, प्रो. मन्जू चंद और प्रो. मीना की मेहनत और मार्गदर्शन को दिया।

# पुलिस टीम ने छात्रों को गुड टच व बैड टच के बारे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा गीता निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव चौरा और आरएलएस इंटरनेशनल स्कूल कालरों में स्कूल के बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार से बताया गया।

उन्होंनें बच्चों को बताया कि गुड टच क्या है और कौन-कौन हमें गुड टच कर सकता व कैसे टच करे कि वह गुड टच बनता है और इसके अलावा उन्होंने बच्चों को बताया कि यदि कोई हमें बैड टच करता है तो हमें किस प्रकार समझना चाहिए कि ये बैड टच है और जब कोई हमें बैड टच करता है तो हमें उसका विरोध करना चाहिए व जोर-जोर से चिल्लाना चाहिए। इसके अलावा यदि कोई हमें बैड टच करता है तो हमें तुरंत उसके बारे माता-पिता या स्कूल में अपने टीचर को बताना चाहिए।

राजेश लता द्वारा स्कूलों में नान टीचिंग स्टाफ व टीचिंग स्टाफ से भी इस विषय में गंभीरता से बात की गई। उन्होंने स्कूल के स्टाफ से कहा कि घर के बाद बच्चों का सबसे ज्यादा समय स्कूल में व्यतीत होता है। माता-पिता के बाद टीचर ही बच्चों के पास सबसे अधिक समय रहता है तो टीचर व बच्चों का रिश्ता इस प्रकार का होना चाहिए कि बच्चे अपनी हर बात आपके साथ सांझा कर सकें। उन्होंने कहा कि कक्षा के अंदर यदि कोई बच्चा किसी बात को लेकर परेशान लगे या अन्य कोई बात लगे तो तुरंत उससे दोस्ताना अंदाज में बात करते हुए पता लगाने की कोशिश करें कि उसे क्या समस्या है। यदि वह समस्या स्कूल या उसके खेल से जुड़ी है तो प्रयास कर उसका तुरंत निवारण करें और यदि कोई अन्य समस्या है तो तुरंत मुझे या डायल 112 पर कंट्रोल रूम को सूचित करें।



# करनाल में हुई 3.17 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके हैं। मंगलवार तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 3 लाख 17 हजार 416 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसमें से विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 3 लाख 15 हजार 283 मीट्रिक टन की खरीद की गई। एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर मंगलवार तक 3 लाख 17 हजार 416 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई । इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा एक लाख 32 हजार 351 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 65 हजार 467 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 17 हजार 465 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। व्यापरियों द्वारा 2 हजार 133 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। पिछले वर्ष जिला में 7 लाख 52 हजार 52 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई थी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा अब तक 38 हजार 149, हैफे ड द्वारा 50 हजार 702 और हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन द्वारा 4 हजार 421 मीट्रिक टन गेहूं का उठान किया जा चुका है। उपायुक्त ने किसानों से अपील कि है कि क्रमानुसार ही गेहूं को मंडी में लेकर आएं, ताकि एजेंसियों एवं आढ़तियों को खरीद में कोई परेशानी ना हो।

# एसडी पीजी कॉलेज में राम नवमी का त्यौहार श्रद्धा के साथ मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः एसडी पीजी कॉलेज पानीपत** में राम नवमी का त्यौहार श्रद्धा और पावन भाव के साथ मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और अपने प्राध्यापकों प्रो अन्नू आहूजा, डॉ संतोष कुमारी, डॉ इंदु गर्ग, डॉ राकेश गर्ग, प्रो सतीश अरोड़ा, डॉ एसके वर्मा, प्रो वीरेंद्र गिल, डॉ रेणु गुप्ता, प्रो मनोज कुमार, प्रो विशाल गर्ग आदि के साथ मिलकर भगवान श्री राम के बताये सदाचार, नैतिकता और सच्चाई के मार्ग पर चलने का प्रण लिया और भगवान् श्री राम के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किये । इस मौके पर प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने राम स्तुति के भजन पेश किये और माहौल को श्री राममयी बना दिया । तत्पश्चात प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की और भगवान् श्री राम से समस्त मानव जाती के कल्याण और खुशहाली की कामना की । विदित रहे कि राम नवमी का त्योहार हिन्दुओं के जीवन में विशेष महत्त्व का दिन है जो मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म का जश्न का दिन जिन्हें भगवान विष्णु का सातवाँ अवतार माना जाता है । ऐसा माना जाता है कि इस दिन श्री राम का जन्म सरयू नदी के निकट अयोध्या नगरी में हुआ । प्रसिद्ध महाकाव्य और धार्मिक ग्रंथ रामायण श्री राम, उनकी पत्नी सीता माता और उनके दुश्मन रावण के जीवन की घटनाओं पर लिखा गया है । पूरे वर्ष में दो मुख्य रामनवमी उत्सव होते हैं । वसंत राम नवमी पहली राम नवमी है और वसंत उत्सव नवरात्रि के आखिरी दिन आती है । वासंतिक नवरात्रि के नौवें दिन लोग रामनवमी मनाते हैं । डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि राम नवमी भारत के सबसे महत्वपूर्ण और सबसे पुराने त्योहारों में से एक है । यह मान्यता है कि आज के दिन लगभग 5114 ईसा पूर्व श्री राम का जन्म अयोध्या (वर्तमान उत्तर प्रदेश में एक प्राचीन शहर) के राजा दशरथ के यहाँ हुआ। दशरथ की तीन पत्नियाँ थीं जिनके नाम कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी थे।



# डीसी के समक्ष स्कूल संचालकों ने उठाई थी मांग




**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । गत दिवस** महेंद्रगढ़ के राजकीय महिला कालेज में स्कूल मैनेजमेंट व संचालकों की मांग पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने जिला के अलावा उप मंडल व तहसील स्तर पर भी प्राथमिक सहायता (फर्स्ट एड) निपुणता का प्रमाण-पत्र बनाने का फैसला लिया गया है। जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से आज इस बारे में जिम्मेदारी तय कर दी गई हैं। रेडक्रॉस समिति के सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि जिला रेडक्रॉस समिति की अध्यक्ष एवं डीसी ने मंगलवार को ही रेडक्रास सचिव को इस संबंध में आदेश दिए थे। आज रेडक्रॉस समिति ने अलग-अलग स्थान पर अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत जिले के सभी राजकीय व मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों व शिक्षण संस्थानों के बस चालक व परिचालक के पास उचित लाईसेंस होना अनिवार्य है। इसके लिए प्राथमिक सहायता (फर्स्ट एड) निपुणता का प्रमाण-पत्र होना अति आवश्यक है। रेडक्रॉस सचिव ने बताया कि यह प्रशिक्षण जिला रेडकास सोसायटी की ओर से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रशिक्षित प्रवक्ताओं द्वारा प्रदान किया जाता है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से ऑनलाइन पोर्टल आईआरसीएसएफए डॉट ओआरजी पर भी पंजीकरण किया जा सकता है।

# आइटीआइ महिला की छात्राओं को दिया अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान में छात्राओं को अग्नि सुरक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य गुलजार सिंह विर्क ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को आग लग जाने पर स्वयं व प्रियजनों को सुरक्षित बचाने के उपाय बताए। फायर ब्रिगेड करनाल के सब फायर ऑफिसर रणदीप सिंह ने आग लगाने के कारण बताए और आग लग जाने पर उसे कैसे बुझाया जाए, इसकी विस्तार से जानकारी दी। संस्थान की बहुत सी छात्राओं ने स्वयं आग बुझाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। छात्राओं को वाटर कैनन को कैसे चलाया जाए, यह भी सीखाया गया।



# जरूरतमंद की सेवा भगवान की भक्ति है: प्रवीन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** समाज सेवा संगठन की ओर से आज 16 अप्रैल मंगलवार दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष पर अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 5 दिव्यांग भाईयो को हाथ रिक्शा वितरण की समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया आज अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 5 दियांग भाईयो को हाथ रिक्शा वितरण की। जैन ने बताया एक सप्ताह पहले की इन दिव्यांग भाईयो की हाथ रिक्शा की जरूरत की डिमांड आई थी संगठन मेंबरों ने पता किया इनके पास हाथ रिक्शा नही है इनकी जरूरत को देखते हुए आज हाथ रिक्शा भेट की और बहुत ही भाग्य शाली है हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है।

**जरूरत मंद की सेवा भगवान की भगति के बराबर होता है देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभिमान की राह पर**



**चल रहा है संगठन**

जिस किसी साथी के नॉलेज में कोई जरूरत मंद दिव्यांग है। जिसके पास हाथ रिक्शा नही है 9812863034 पर संपर्क कर मुफ्त हाथ रिक्शा बुकिंग करवा सकते है समाज सेवा संगठन जरूरत मंद बेटियो की शादी करवाना गर्म कपड़े वितरण करना जरूरतमंद का इलाज करवाना,जगह जगह वाटर लगाना निशुल्क यात्रा करवाना आदि धार्मिक व सामाजिक कार्य करता रहता है मौके पर प्रवीन जैन, राजिंद्र जैन, विकास जैन, सुभाष गोस्वामी, भोला मेहता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जेजेपी मजबूती से लड़ेगी लोकसभा चुनाव: दिग्विजय सिंह चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः जननायक जनता** पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि हरियाणा में जेजेपी की जड़ें बहुत मजबूत है और लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल लोकसभा चुनाव है और पार्टी कार्यकर्ता मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी में लगे हुए है। इसके साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ता दुष्यंत चौटाला को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए भी जी-जान से जुटे हुए है। वे मंगलवार को चुनाव के मद्देनजर अंबाला में जेजेपी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक लेने पहुंचे थे। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने पांच मजबूत लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और बाकी बची पांच लोकसभाओं में भी मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जाएगा।दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी पार्टी को बने छह साल हुए हैं और इन छह सालों में जेजेपी ने कई मुकाम हासिल किए है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वे लोकसभा चुनाव पर पूरा फोकस करें क्योंकि यह चुनाव दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने का सेमीफाइनल है। दिग्विजय ने कहा दुष्यंत चौटाला ने उपमुख्यमंत्री पद के मायने बदले हैं। इससे पहले भूपेंद्र सिंह हुड्डा डिप्टी सीएम के पद को कुछ नहीं मानते थे लेकिन दुष्यंत ने मायने बदले तो भूपेंद्र हुड्डा चार उपमुख्यमंत्री बनाने की बातें करते हैं। एक सवाल के जवाब में दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि लोगों में नाराजगी भाजपा के काम के तरीके को लेकर थी और इस बात को जनता समझती है। दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो देश की सबसे बड़ी पंचायत में इलाके की आवाज को बुलंद कर सके।

दिग्विजय ने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने बतौर सांसद और डिप्टी सीएम रहते हुए हरियाणा के विकास में अपना अहम योगदान दिया, जिसे जनता सदैव याद रखेगी। उन्होंने कहा कि अगर इलाके का प्रतिनिधित्व संसद में मजबूती से रखा जाए तो क्षेत्र विकास के मामले में कभी भी पीछे नहीं रह सकता इसलिए पार्टी कार्यकर्ता मतदाताओं को यह समझाएं कि उनका हितैषी कौन है।इस मौके दलबीर सिंह पूनिया, सुरजीत सोंडा ,अनिल जिंधेड़ी , सरबजीत कौर, डॉक्टर एम एस ढीललों ,पुष्पिंदर मोहडी कमल रावल , मनोज राणा ,लकी सैनी छोटा, रामदास , दलबीर सौंटा,सरोज लूथरा , हरकेश सुल्लर , डॉक्टर रविंद्र , सरजंत सिंह , कप्तान सिंह, गुलाब सिंह, मनजीत सिंह,राज कुमार वर्मा ,अरमान सिंह, यशपाल बजाज, जसवंत सिंह मोहड़ी , दविंद्र सैनी , मुकेश श्याम सिंह, भूपिंदर सिंह, भारत भूषण , प्रवीण गुप्ता, गेविन पूनिया, नवीन हरी, लक्की जलबेडा,विक्रम,संजू, जतिंद्र सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# इंद्री-यमुनानगर मार्ग पर अचानक कार में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इंद्री-यमुनानगर मार्ग** पर एक कार में अचानक आग लग गई। आग में कई ब्लास्ट हुए। देखते ही देखते कार जलकर राख हो गई। सूचना मिलने के बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, जिसने आग पर काबू पाया। कार में दो लोग सवार थे, जो बाल-बाल बच गए। दोनों ऑस्ट्रेलिया से भारत आए थे। प्रत्यक्षदर्शी राकेश ने बताया कि आग पहले इंजन में लगी थी। इसके बाद आग की लपटों ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना के बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। इस गाड़ी में दो लोग सवार थे, जो इंद्री के बताए जा रहे हैं। कार पूरी तरह से जल चुकी है। डायल-112 के इंचार्ज ने बताया कि गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी गई है। फायर ब्रिगेड की गाडियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मामले की सूचना संबंधित थाना को दे दी गई है। जिस तरह की शिकायत मिलेगी, उसी के अनुरूप आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# संपादकीय

## समरसता का माहौल

**भारत** की संस्कृति राममय है। राम राष्ट्रनायक हैं। भारत के जीवन दर्शन में सर्वत्र राम समाये हुए हैं। भारत की आस्था, भारत का मन, भारत का विचार, भारत का दर्शन, भारत का चिंतन, भारत का विधान राम से है। भारत का प्रताप, प्रभाव व प्रवाह भी राम हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राम की सर्वव्यापकता के दर्शन हुए। भारत के नगर, ग्राम, गिरी और कंदराओं से लेकर दुनिया के 125 देशों में रहने वाले हिन्दुओं ने उत्सव मनाया। युवाओं के लिए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से बढ़कर कोई आदर्श नहीं हो सकता। राम ने अपने जीवन का स्वर्णिम समय 'तरुणाई' को राष्ट्र के काम में लगाया। राम का सारा जीवन प्रेरणा से भरा है। राम की राजमहल से जंगल तक की यात्रा को देखें तो कठिनतम परिस्थितियों में भी वह अविचल रहे। उन्होंने समाज में सब प्रकार का आदर्श स्थापित किया। आदर्श भाई,आदर्श मित्र,आज्ञाकारी पुत्र, आज्ञाकारी शिष्य, आदर्श पति, आदर्श पिता और आदर्श राजा का उदाहरण स्वयं के आचरण से प्रस्तुत किया। पूरी अयोध्या के युवा उनके सखा थे। वह कामादिदोषरहितं, कुशल संगठनकर्ता, लोक संग्रही, मितव्ययी व मृदुभाषी थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार नारद जी ने महर्षि वाल्मीकि को राम के गुणों के बारे में बताते हुए कहा- इक्ष्वाकुवंश प्रभवो रामो नाम जनैः श्रुतः। नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान द्युतिमान वशी। नारद जी कहते हैं इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न राम मन को वश में रखने वाले, महाबलवान, कान्तिमान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। वे बुद्धिमान,नीतिमान तथा वाग्मी यानि अच्छे वक्ता भी हैं। वे प्रतापवान, धर्मज्ञ, सत्यप्रतिज्ञ, प्रजाप्रतिपालक,अखिल शास्त्रों के तत्वज्ञ,वेदवेदांग के ज्ञाता,गंभीरता में समुद्र और धैर्य में हिमालय के समान हैं। राम के जीवनकाल की शुरूआत संतों की सेवा के साथ हुई। अत्याचारी रावण के आतंक से जब समाज चीत्कार कर रहा था। ऋषि मुनि सताये जा रहे थे। अनुसंधान के प्रत्येक कार्य में जब राक्षस विघ्न डालते और ऋषियों के यज्ञ विध्वंस किए जा रहे थे। रावण को चुनौती देने का साहस समाज नहीं जुटा पा रहा था। रावण का आतंक इतना बढ़ गया था कि ऋषि-मुनियों की हड्डियों के पहाड़ लग गये थे। हड्डियों के लगे पहाड़ देखकर राम ने प्रतिज्ञा ली थी कि निश्चिचर हीन करहु महिं भुज उठाय प्रण कींन्ह। राम ने राक्षसों का संहार कर समाज को अभय प्रदान किया। राम का करीब 16 वर्ष की अवस्था में विवाह हुआ। 18 वर्ष की अवस्था में वनवास हुआ। इसके बाद कानन, कठिन भयंकर भारी, 14 वर्ष वन में रहे। जंगल, महल, सुख-दुख, निन्दा प्रशंसा, यश-अपयश आदि की चिंता नहीं की। जो मिला उसे ग्रहण कि। जो कहा गया उसका पालन किया। राम को युवराज बनाने की तैयारी हो रही है लेकिन अचानक उन्हें समाचार मिला कि वन जाना है। राम विद्रोह नहीं करते वन जाने को सहर्ष तैयार हो जाते हैं। चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र होकर भी घोर अभाव के बीच वन में 14 वर्ष व्यतीत करते हैं। जंगल में वनवास के दौरान शूर्पणखा ने राम के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा। राम और लक्ष्मण दोनों शूर्पणखा का यह प्रस्ताव अस्वीकार कर देते हैं। राक्षस राज रावण पंचवटी से सीता का हरण कर लेता है। वनवासियों के बल पर लंका पर चढ़ाई की। राम सुग्रीव से मित्रता करते हैं। वनवासियों को संगठित कर अत्याचारी रावण का संहार किया। राम ने रावण के मारने के बाद लंका पर अपना राज्य स्थापित नहीं किया। विभीषण को लंका का राजा बनाया। लक्ष्मण से राम कहते हैं 'अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'। मातृभूमि के प्रति ऐसी उत्कट निष्ठा राम रखते हैं।

# आजादी के बाद से रेल की राह तकता एमपी का निमाड़

नरेंद्र तिवारी पत्रकार

> “धूलिया से नरडाना के बीच में जरूर जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हुआ है, लेकिन इसे फंड नहीं मिला है। जेएनपीटी ने फंड की कमी होना बताया है। इससे देरी होना स्वभाविक है। निमाड़ में रेल का सपना कब पूरा होगा यह तो कह पाना मुश्किल है, किंतु लंबे समय से लोकसभा चुनाव के दौरान रेलमार्ग का मुद्दा यहां के नागरिकों को प्रभावित जरूर करता है। 15 बरसो से खरगोन लोकसभा में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार प्रतिनिधित्व कर रहे है। क्षेत्र में कांग्रेस ने भी प्रतिनिधित्व किया। सुभाष यादव, अरुण यादव भी इस लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे है। भाजपा से कृष्ण मुरारी मोघे भी इंदौर से आकर खरगोन लोकसभा से चुनाव लडे और जीते भी किंतु रेल का सपना चरितार्थ नहीं हो पाया”

**मध्यप्रदेश** का निमाड़ आजादी के सात दशकों के बाद भी रेल राह तकता दिखाई दे रहा है। निमाड़ का आदिवासी बाहुल्य खरगोनझबड़वानी जिला ट्रेन सुविधाओं से पूरी तरह वंचित है। निमाड़ अंचल के रहवासियों के निकटवर्ती रेलवे स्टेशन खंडवा, इंदौर नरडाना महाराष्ट्र है। इन सभी से निमाड़ अंचल की दूरी 100 से 175 किलोमीटर है। क्षेत्र के नागरिकों ने आजादी के बाद छुकझछुक की आवाज सुनने के लिए लगभग सभी दलों के नेताओं पर भरोसा जताया। जिसने भी रेल का सपना दिखाया उसकी झोली वोटों से भर दी गई। उसे अपना प्रतिनिधि बनाकर दिल्ली पहुंचाया। किंतु आजादी के 77 बरसो के बाद भी रेल सुविधाएं निमाड़ के लिए सपना है, एक खूबसूरत सपना जो नेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा हर पांच साल में दिखाया जाता है। कहते है, सपने सच होते है, किंतु निमाड़ में आजादी के बाद से छुकझछुक का सपना देखतेझदेखते अनेकों नागरिकों की आखें बौरा गई।अनेकों कालकलवित हो गए किंतु सपना अब तक सपना बना हुआ है। जिसने भी सपना दिखाया निमाड़ के रहवासियों ने उस पर विश्वास किया किंतु जमीनी स्तर पर कुछ दिखाई नहीं देता जो आमजन के विश्वास को पुख्ता कर सकें। खरगोन लोकसभा क्षेत्र के लिए रेल का सपना कब पूरा होगा कहा नहीं जा सकता है। निमाड़ में रेल की चर्चा और रेल पर राजनीति कोई नई नहीं है। इस विषय पर समाज के वरिष्ठ जनों से बातचीत करने पर ज्ञात हुआ कि वर्ष 1967 के चुनाव में कांग्रेस के शशिभूषण वाजपेई ने निमाड़ में रेल लाने का आश्वासन दिया था। रेल के इस आश्वासन ने शशिभूषण वाजपेई को विजय मिली थी। लोकसभा क्षेत्र के अनेकों वरिष्ठजनों का यह भी कहना है की इस दौरान रेल की पटरियां भी खरगोन जिले की सड़को ,खेतो के निकट डाली गई थी। कुछ ने बताया की विद्युत के पोल को उस समय निमाड़वासियों ने रेल की पटरी समझा और यह खबर ऐसी फैली की बाहरी उम्मीदवार शशिभूषण वाजपेई ने लोकसभा क्षेत्र के तत्कालीन सांसद रामचंद्र बड़े को हराकर चुनाव में विजय प्राप्त की। शशिभूषण रेल के नाम पर जीत तो गए, किंतु दोबारा इस लोकसभा से चुनाव नहीं लडा और रेल का आश्वासन भी अधूरा का अधूरा रह गया। खरगोन लोकसभा के 1962 और 1971 में सांसद रहे रामचंद्र विट्ठल बड़े ने भी रेल को निमाड़ के लिए



बहुत आवश्यक माना था। निमाड़ अंचल में यह जनचर्चा है की अटल बिहारी वाजपेई जब भारत सरकार के विदेश मंत्री के रूप में तत्कालीन खरगोन जिले की सेंधवा तहसील आए तब मंच से रामचंद बड़े ने निमाड़ में रेल की आवश्कता से अटलजी को अवगत कराया था। रेलपथ की मांग लंबे समय से इस क्षेत्र में उठती रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान रेलपथ की मांग भी रफ्तार पकड़ लेती है। खरगोन लोकसभा क्षेत्र में दो तरफ से रेलमार्ग की मांग की जा रही है। एक इंदौर मनमाड और दूसरी खंडवा खरगोन धार से गुजरात को जोड़ने वाला रेल मार्ग इसे ताप्ती नर्मदा रेल मार्ग संघर्ष समिति द्वारा बरसो से उठाया जा रहा है। मनमाड इन्दौर रेल मार्ग के लिए बरसो से नागरिक आंदोलन भी चल रहे है। यह समिति मध्यप्रदेश की अपेक्षा महाराष्ट्र में अधिक सक्रिय रही है। समय के साथ इस संघर्ष समिति ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया किंतु जमीनी स्तर पर कुछ दिखाई नहीं दिया। मनमाड इन्दौर रेल मार्ग संघर्ष समिति ने जिसमे धूलिया लोकसभा के पूर्व सांसद बापू चौरे भी शामिल रहे है ने 1995 के दरमियान एक पद यात्रा मनमाड से इंदौर तक निकाली थी। इस यात्रा में लकड़ी से बनी रेल भी शामिल थी। इस संघर्ष में धूलिया के पूर्व विधायक अनिल गोटे का नाम भी शामिल रहा है। निमाड़ में रेल के लिए संघर्ष की दूसरी धारा ताप्ती नर्मदा रेलपथ को लेकर है। इस रेल पथ में खंडवा से धार वहाया खरगोन बड़वानी शामिल है। इसे लेकर वर्ष 2023 के दिसंबर माह में स्थानीय सांसद गजेंद्र पटेल के नेतृत्व में केंद्रीय रेलमंत्री से मिले निमाड़ के इस प्रतिनिधि मंडल में रेलवे सुविधाओं के लिए संघर्षरत ताप्ती नर्मदा रेल लाइन समिति के अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, ओमप्रकाश खंडेलवाल, बीएल जैन, महेश शर्मा, राहुल सोनी, नानूराम कुमरावत शामिल थे। इस प्रतिनिधि मंडल को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वस्त किया था की निमाड़ को रेलवे की सौगात जल्द मिलेगी। निमाड़ में रेलवे के संघर्ष से समयझसमय पर जाने कितने ही लोग जुड़े क्षेत्र के सांसदों ने भी निमाड़ से जुड़ी मांगो को दिल्ली तक पहुंचाया। इंदौर की पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन और वर्तमान सांसद शंकर लालवानी ने भी दिल्ली में अपने प्रयास किए। इन प्रस्तावित रेलमार्गों में इंदौर मनमाड को लेकर काफी चर्चा है। रेलवे विशेषज्ञों के अनुसार इस रेलमार्ग के बन जाने से इंदौर से मुंबई की दूरी कम हो जाएगी।

यह दूरी 659 किलोमीटर रह जाएगी और सफर नौ घंटे में पूर्ण हो जाएगा। इस रेल मार्ग को लेकर कुछ साल पहले 363 किलोमीटर लंबी परियोजना का एमओयू साइन हुआ था, उसमे 10 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार ने 15झ15 प्रतिशत की राशि देने के लिए कहा था। जबकि 15 प्रतिशत राशि जहाजरानी मंत्रालय और शेष राशि 55 प्रतिशत राशि जेएमपीटी को देनी थी। जमीन का सर्वे होने के बाद भी इसका काम शुरू नहीं हो पाया है।

धूलिया से नरडाना के बीच में जरूर जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हुआ है, लेकिन इसे फंड नहीं मिला है। जेएनपीटी ने फंड की कमी होना बताया है। इससे देरी होना स्वभाविक है। निमाड़ में रेल का सपना कब पूरा होगा यह तो कह पाना मुश्किल है, किंतु लंबे समय से लोकसभा चुनाव के दौरान रेलमार्ग का मुद्दा यहां के नागरिकों को प्रभावित जरूर करता है। 15 बरसो से खरगोन लोकसभा में भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार प्रतिनिधित्व कर रहे है। क्षेत्र में कांग्रेस ने भी प्रतिनिधित्व किया। सुभाष यादव, अरुण यादव भी इस लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहे है। भाजपा से कृष्ण मुरारी मोघे भी इंदौर से आकर खरगोन लोकसभा से चुनाव लडे और जीते भी किंतु रेल का सपना चरितार्थ नहीं हो पाया। लोकसभा क्षेत्र को दो राज्यसभा सदस्य भी मिले एक वर्तमान के सुमरसिंह सोलंकी एक पूर्व में विजयलक्ष्मी साधो सभी ने अपने स्तर पर पत्र व्यवहार किया, किंतु सपना सपना ही रहा। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 बरसो से भाजपा की सरकार काबिज है। निमाड़ में रेल का सपना अभी भी सपना बना हुआ है। यह जानते हुए की इस आदिवासी अंचल में रेल का आना नए रोजगार पैदा करेगा। निमाड़ की तस्वीर को बदलेगा, विकास की नवीन संभावनाओं को जन्म देगा। रेलवे के आधुनिकीकरण का ढिढोरा पीटने वाली केंद्र सरकार निमाड़ के इस आदिवासी अंचल में रेल पथ को लेकर इतनी उदासीन क्यों है? आदिवासी समाज के विकास और तरक्की की बात करने वाली कांग्रेस और भाजपा दोनो ही दलों की केंद्र में सरकार रहीं है। दोनो ही दलों को इस लोकसभा क्षेत्र में सांसदी का अवसर मिला। किंतु निमाड़ के जनप्रतिनिधियों की आवाज दिल्ली में हर बार अनसुनी कर दी गई। निमाड़ का यह पिछड़ा आदिवासी अंचल परिवहन के साधनों की कमी से जूझ रहा है।

एक छोटे से वाहन पर जिसकी क्षमता 10 सवारी की होती है उस वाहन में 50 से 60 सवारी बैठकर यात्रा करती है। निमाड़ अंचल से बड़े पैमाने पर रोजगार के लिए पलायन होता है। रेल का आगमन इस क्षेत्र में नवीन व्यवसायिक गतिविधियों की राह खोलेगा, आदिवासी समाज के विकास और तरक्की की इबारत लिखेगा। रेल मार्ग के सपना पूर्ण नहीं होने से निमाड़ अंचल के नागरिकों में सरकार के प्रति नाराजगी दिखाई देती है। निमाड़ की आवाज को दिल्ली में अनसुना करना निमाड़ अंचल के नागरिकों को दुखी और आक्रोशित दोनो कर रहा है।

# कविता

सामने आओ तो,पलकें झुका देना
तुम।

एहसास दिल में न दबा देना तुम,
होठों से तिरछा मुस्कुरा देना तुम’

ये दिल की लगी है, घबरा न जाना,
सिर्फ आंखों में ही मुस्कुरा देना तुम।

नया नया रूप है तुम्हारे यौवन का,
न सम्भले तो बहक न जाना तुम।

आ जाओ जरा सुनहरी रोशनी में,
रातों में चांदनी सा बन जाना तुम,

निशा के टिमटिमाते जुगनू हैं हम,
राह दिखाता सितारा बन जाना तुम।

पर्दे में छुपने की अदा है बड़ी प्यारी,
सामने आओ तो,पलकें झुका देना तुम।

जज्बातो के एहसास पुराने हैं हमारे,
दुनिया के लब्जों से टूट न जाना तुम।

कोशिशों से दीदार होता है तेरा संजीव,
बीच राह में अकेला,न छोड़ जाना तुम।

संजीव

## प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता जरूरी

संजीव

**राष्ट्रीय** चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता है’ राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है’ स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे’

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है’ इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है’ वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं’

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है’ आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं’ यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया।

# विचार

## विवाह की बढ़ती उम्र से जूझता युवा वर्ग

श्याम कुमार कोलारे

**आज हर** वर्गों एक चिंताजनक दौर साफ नजर आ रहा है; अधिक उम्र तक युवक-युवतियों की शादी न होना। इसको लेकर आज सभी समाज काफी चिंताग्रस्त है। लड़के की उम्र 30 के पार जाने लगी है परन्तु शादी की बात करे तो इस उम्र तक उनकी शादी न होना एक सामाजिक समस्या बनकर उभर रही है। यह समस्या इतनी विकराल होती जा रही है कि लड़के एवं लड़कियों की उम्र 30-35 पार करने पर भी वे कुँवारे बैठे है; यही कारण है कि लड़के-लड़कियों में एक अवसाद की स्थिति उत्पन्न होती जा रही है। इसका एक मुख्य कारणों में तेजी से समाज में परम्पराओं का बदलता दौर शामिल है। हर माँ-बाप अपने बच्चों को पढ़ा-लिखा कर अपने पैर पर खड़ा करने के लिए अपना सारा जीवन लगा देते है, बेटा-बेटी को अच्छी शिक्षा-दीक्षा देने के लिए हर संभव कोशिश करता है। यह सब उपक्रम बच्चों की कवलियत हो बढ़ा रहा है परन्तु कावलियत और सरकारी नौकरी की अंधी दौड़ में सभी युवा वर्ग इस तरह दौड़ लगा रहा है कि उनके जीवन के सुन्हेरे पल की कुवार्नी देकर यह लक्ष्य हासिल करने के लिए बहुत सी सामाजिक परम्पराओं को आड़े हाथ लेने से नहीं चूकते। सरकारी नौकरी वाले वर की चाहत- आज मध्यम वर्गीय परिवार से लेकर उच्च वर्गीय परिवारों में ऐसी होड़ सी लग गई है जिसमे सब अपनी बेटियों को सरकारी नौकरी पेशा के घर शादी करना चाहते है। किसी सरकारी नौकरी के लड़के को देखकर उसके घर लड़की देने की जैसे होड़ लग जाती है सरकारी नौकरी नहीं उसके पास अलादीन का चिराग हो जो हर आदेश पर आपने आका की मन मुराद इच्छा पूरी करने के लिए तैयार बैठा हो। सरकारी नौकरी वाले लड़के-लडकियाँ वाले भी सरकारी नौकरी रुपी मैजिक छड़ी से अपने आपको दूसरे से अलग छबी एवं दायरा बना लिए है। क्या कम पढ़ा लिखा होना, या किसी प्रकार का निजी व्यवसाय, निजी संस्थानों में जॉब करने वालो की जीवन शैली सरकारी नौकरी वाले से हमेशा कम होती है ? पता नहीं लोगो के मन में क्या चल रहा है !ह्वहर राजा जनक अपनी अपनी बेटी को दसरथ जैसे महान वैभवशाली राजा के घर राम जैसे वर के साथ विवाह करवाना चाहते है। परन्तु मेरी समझ में इस वैभव का उस समय कोई मूल्य नहीं होता जब किस्मत में वनवास ही लिखा हो। स्थिति एवं परिस्थिति विपरीत होने पर मनुष्य के धन, वैभव, प्रतिष्ठा, पद ये कुछ काम नहीं आते। बढती उम्र में शादी न होना एक अवसाद की स्थिति झ कहने का अभिप्राय एकदम सीधा है अच्छे से जीवन जीवन-यापन करने का कौशल एवं प्रतिभाशाली लड़के को अपनी कन्या का जीवन साथी चुन सकते है, रही बात उनकी जीवन शैली में परिवर्तन लाना; आपको अपने आप पर विश्वास होना चाहिए कि जिस बेटी को आपने अच्छी शिक्षा-दीक्षा दी है वह अपने इस कौशल से अपने जीवन को सवारने की शक्ति रखती है। बढती उम्र तक बेटियों की शादी न होना उसमें सामाजिक रूप से सभी को एक मत होकर सोचना होगा कि जीवन का एक महत्वपूर्ण पुरुषार्थ को समय पर पूर्ण करना एक सामाजिक धर्म है। आज की परिस्थितियों को देखकर यह स्पष्ट नजर आने लगा है कि लड़के-लड़कियों के जवां होते सपनों पर न तो किसी समाज के कर्ता-धताओं की नजर है और न ही किसी रिश्तेदार और सगे संबंधियों की। हमारी सोच एवं मानसिकता; हमें क्या मतलब है में; उलझ कर रह गई है। निसंदेह यह सच किसी को कड़वा लग सकता है, लेकिन हर समाज की हकीकत यही है। यह बात से सभी बाकिफ है कि पूर्ण मानसिक रूप से परिपक्यता 25-30 वर्ष तक लड़कियों में आ जाती है, लड़कियों में 18-25 के बीच का दौर ससुराल के वातावरण, परिस्थिति, रिश्ते-नाते एवं सम्रद्धि की सोच विकसित करने का दौर होता है, उसे यहाँ कई जिम्मेदारियों एवं अवसर को सीखने का मौका मिलता है जो जीवन को खुशहाल एवं जीवन शैली को परिपक्यता लाने में मददगार होता है; वही इस उम्र तक शादी न होना इस पक्ष को कमजोर बनता है एवं अधिक उम्र में शादी ससुराल में सामंजस को संघर्षमय बनाता है; क्योंकि उनकी आदतें पक्की और मजबूत हो जाती हैं अब उन्हें मोड़ा या झुकाया नहीं जा सकता जिस कारण घर में बहस, वाद विवाद, तलाक जैसे परिस्थिति हो जाती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## आपके बच्चे के विकास के लिए प्री-स्कूल शिक्षा का महत्व

विजय गर्ग

**पूर्वस्कूली** शिक्षा एक खाली कैनवास पर पहले रंगीन स्ट्रोक की तरह है, जो एक बच्चे की आजीवन सीखने की यात्रा की नींव रखती है। यह बच्चे के विकास में एक महत्वपूर्ण चरण है, अक्सर इसके महत्व को कम करके आंका जाता है। पोदार इंटरनेशनल स्कूल में, हम प्रीस्कूल शिक्षा के अत्यधिक महत्व और बच्चे की वृद्धि और विकास पर इसके गहरे प्रभाव को समझते हैं। आइए प्रीस्कूल शिक्षा के महत्व, इसके लाभों और यह आपके बच्चे के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम क्यों है, इस पर गहराई से विचार करें। पूर्वस्कूली शिक्षा को समझना पूर्वस्कूली शिक्षा, या पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, प्रारंभिक औपचारिक शैक्षिक अनुभव है जिसे एक बच्चा प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश करने से पहले प्राप्त करता है। यह आम तौर पर 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों की सेवा करता है, जिनका दिमाग स्पंज की तरह होता है, जो ज्ञान, कौशल और सामाजिक अनुभवों को अवशोषित करने के लिए तैयार होता है। पूर्वस्कूली शिक्षा का महत्व सामाजिक कौशल का प्रारंभिक विकासः प्रीस्कूल बच्चों को अपने साथियों के साथ बातचीत करने के लिए एक संरचित वातावरण प्रदान करता है। यह उन्हें साझा करना, बारी-बारी से काम करना, संघर्षों को सुलझाना और साथ मिलकर काम करना सिखाता है। ये सामाजिक कौशल बच्चे के भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक हैं। भाषा और संज्ञानात्मक विकासः प्रीस्कूल बच्चों को संरचित तरीके से भाषा और साक्षरता से परिचित कराता है। वे प्रभावी ढंग से संवाद करना सीखते हैं, अपनी शब्दावली का विस्तार करते हैं, और आवश्यक पूर्व-पठन और पूर्व-गणित कौशल को समझना शुरू करते हैं। यह प्रारंभिक प्रदर्शन उनके संज्ञानात्मक विकास में महत्वपूर्ण रूप से सहायता करता है। स्वतंत्रता और आत्मविश्वासः प्रीस्कूल बच्चों को कपड़े पहनने से लेकर कार्यों को पूरा करने तक स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलता है और उनका आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ता है। भावनात्मक तत्परताः बच्चे सहायक और पोषण वाले माहौल में भावनाओं को व्यक्त करना और प्रबंधित करना सीखते हैं।

## काश मैं राष्ट्रीय प्रतीक होती!

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**फलाने** राज्य के एक पुलिस स्टेशन का दृश्य। जहाँ महिला पुलिसकर्मी एक समाचार पत्र की हेडिंग को लेकर काफी आक्रोश में थी। उस समाचार पत्र के पहले पन्ने पर बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था झ ह्यनिर्वस्त्र कर फुटबाल की तरह पीटा गया। फिर किया सामूहिक बलात्कार।ह्न यह फुटबॉल कोई और नहीं फलाने राज्य की 19 वर्षीय विरोधी समाज की पीड़िता थी। उसी समाचार पत्र में राज्य के आलाकमान का बयान था झ ऐसे सैकड़ों मामले हुए हैं। यह सब होते रहते हैं। आलाकमान का यह बयान कि ऐसे सैकड़ों मामले हुए हैं, को लेकर महिला पुलिसकर्मियों पर बड़ा दबाव था। उन्हे यह सच में फील कराना था कि ऐसे मामले होते रहते हैं, सो उन्होंने उसी एंगल में उस पीड़िता से पूछताछ शुरू की। पुलिसकर्मी निर्देशित थीं कि इस मामले में पीड़िता को गंभीरता से नहीं लेना है। महिला कांस्टेबल ने पीड़िता को धक्का देते हुए कहा सीधी खड़ी रह। आजकल तेरे नखरे ज्यादा हो गए हैं। मीडिया में क्या वायरल हो गई, खुद को सेलिब्रिटी समझने लगी है। इतना कहते हुए हँसने लगी। दूसरी ओर बाकी महिला पुलिसकर्मी चाय की चुस्कियाँ ले रही थीं। पीड़िता झ (दर्द से कराहते हुए) मुझे धक्का क्यों मार रही हैं? मुझे दर्द होता है। महिला पुलिसकर्मी झ अरे वाह तुमको दर्द भी होता है! फुटबॉल की तरह हम तुम्हें थोड़ी न पीट रहे हैं। तुम सच में दर्द महसूस करती तो हमारे राज्य की इज्जत इस तरह सरेआम नीलाम न करती। पीड़िता झ राज्य की इज्जत? राज्य मिट्टी से नहीं वहाँ के जीते-जागते लोगों से बनता है। उनका दर्द क्या राज्य का दर्द नहीं है? मैंने कई दिनों तक इंतजार किया, लेकिन किसी ने मेरी सुध नहीं ली। यहाँ पर चिल्ला-चिल्लाकर थक-हार गई। जब मेरा इलाज दूसरे राज्य में हो रहा था, तब मुझे लगा कि यहाँ पर मुझे सच बताना चाहिए। अन्याय सहने वालों के लिए हर नई जगह, हर नया आदमी न्याय दिलाने वाला सा लगता है। महिला पुलिसकर्मी झ तो इसका मतलब तुम राज्य की इज्जत दूसरी जगह पर जाकर निकालोगी। तुम्हारे साथ ऐसा कौनसा बड़ा कांड हो गया जिसे लेकर बड़ा उछल रही हो। हाँ मानते हैं कि तुम्हारी पिटाई हुई है।

## न्यूज फ्लैश

### वालमार्ट मार्केटप्लेस ने भारतीय विक्रेताओं के लिए समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च किया



**अंबाला।** वालमार्ट ने आज भारतीय विक्रेताओं के लिए कंपनी की मार्केटप्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर एक समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करने की घोषणा की, जिसके माध्यम से वे साइट पर पंजीकरण एवं बिक्री कर सकेंगे। साथ ही, वालमार्ट ने क्षेत्रीय स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू करते हुए आज जयपुर, राजस्थान में पहले वैश्विक विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया। इन सम्मेलनों के माध्यम से संभावित विक्रेताओं को उपभोक्ताओं एवं कैटेगरी ट्रेंड्स से जुड़ी इनसाइट्स एवं जानकारी प्रदान करते हुए मदद की जाएगी और ऑनबोर्डिंग सपोर्ट व कैटलॉग सेटअप में सहयोग किया जाएगा। सालभर पूरे देश में वैश्विक विक्रेता सम्मेलन आयोजित करने की योजना है।वालमार्ट मार्केटप्लेस को 2021 में भारतीय विक्रेताओं के लिए खोला गया था। वर्तमान में इस मार्केटप्लेस पर भारत में बनाए गए, विकसित किए गए या असेंबल किए गए उत्पादों के हजारों एसकेयू हैं। वालमार्ट का अमेरिकी मार्केटप्लेस दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। पिछले वित्त वर्ष में इसका राजस्व 45 प्रतिशत बढ़ा, जबकि वालमार्ट के विक्रेता 20 प्रतिशत बढ़े। वालमार्ट की इमर्जिंग मार्केट्स एंड बिजनेस डेवलपमेंट वाइस प्रेसिडेंट मिशेल मी ने कहा, ह्यवालमार्ट के लिए भारत प्राथमिकता वाला बाजार है और समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करना भारतीय विक्रेताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वालमार्ट मार्केटप्लेस विक्रेताओं को दुनियाभर के ग्राहकों तक पहुंच प्रदान करते हुए भारतीय कंपनियों की क्षमता को अनलॉक करने के लिए प्रयासरत है। समर्पित ऑनबोर्डिंग सपोर्ट और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नेविगेट करने की हमारी विशेषज्ञता के माध्यम से हम विक्रेताओं को ऐसे उपकरणों से सशक्त करते हैं, जिनकी उन्हें अमेरिका व अन्य मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने के लिए जरूरत है। वालमार्ट नए विक्रेताओं से कोई मासिक शुल्क या सेटअप का शुल्क नहीं लेता है। इस साल की शुरूआत में कंपनी ने न्यू सेलर सेविंग्स प्रोग्राम का एलान किया था, जिसमें प्रतिभागियों को वालमार्ट डॉट कॉम पर पहले 90 दिन रेफरल और वालमार्ट फुलफिलमेंट सर्विसेज (डब्ल्यूएफएस) फीस में 50 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। डब्ल्यूएफएस से विक्रेताओं को अपनी इन्वेंटरी को अमेरिकी ग्राहकों के नजदीक लाने का सुविधाजनक एवं किफायती समाधान मिलता है।

### विकसित मणिपुर के बिना, विकसित भारत नहीं बन सकता है : अमित शाह

**करनाल:** लोकसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की तैयारियों में जुटे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह देश भर में जनसभा कर रहे हैं। इसी सिलसिले में अमित शाह ने मणिपुर के इंफाल में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और मणिपुर को जलाने की बार-बार साजिशें रचने वाले विपक्षियों को निशाने पर लिया। देश की एकता और अखंडता के हिमायती शाह ने यह संदेश दिया कि, कोई कितना भी जोर लगा ले, हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस ने भारत के दो टुकड़े कर दिए। आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस ने देश पर राज किया। लेकिन समूचे नॉर्थ ईस्ट को देश के बाकी हिस्सों से अलग-थलग कर दिया। सालों तक नॉर्थ ईस्ट अलगाववाद, उग्रवाद, गरीबी, भुखमरी और नस्लीय हिंसा का दंश झेलता रहा। यह वही कांग्रेस है जो अब भारत को दो हिस्सों नॉर्थ इंडिया और साउथ इंडिया झ्र में बाँटने की बात करती है। देश की जनता अब कांग्रेस की सच्चाई को जान चुकी है। दरअसल मणिपुर की जनता के सामने यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले चुनाव में एक ओर मणिपुर को तोड़ने वाले लोग हैं और दूसरी ओर मणिपुर को जोड़ कर रखने वाले लोग हैं। मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में आज नॉर्थ ईस्ट शांति और विकास के रथ पर सवार होकर नई इबारत लिख रहा है। अमृतकाल में नॉर्थ ईस्ट और दिल्ली के बीच की दूरी कम हुई है। कौन नहीं जानता है कि बीते 10 साल में नॉर्थ ईस्ट में 10 से ज्यादा शांति समझौते हुए, जिसके अंतर्गत 9,000 से ज्यादा उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया और आज समाज की मुख्यधारा में शामिल हैं। कांग्रेस के दौर में मणिपुर को नाकाबंदी वाला राज्य बना दिया गया था।

# 'निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव के लिए आचार संहिता की पालना होनी चाहिए'

## चुनाव से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक ली और चुनाव तैयारियों के बारे चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** इसराना की एसडीएम एवं इसराना विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी ज्योति मित्तल ने अपने कार्यालय में चुनाव से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि वे अपनी-अपनी डियूटी ईमानदारी और निष्पक्षता से करें। जिला में 25 मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा, इसलिए टोल फ्री नंबर पर आने वाली शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया गया है। कोई भी व्यक्ति इस नंबर पर चुनाव से संम्बंधित शिकायत कर सकता है। उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि लोकसभा चुनाव के दौरान



आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान करें व अन्य व्यक्तियों को जागरूक करें। मतदान हर पात्र का लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर कोई व्यक्ति आपको वोट के लिए किसी प्रकार का प्रलोभन देता है तो उसकी भी सूचना जिला प्रशासन को करें ताकि उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर 1950 नंबर पर शिकायत की जा सकती है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने आचार सहिंता की पालना करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशन करने वाले का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संबंधित नोडल अधिकारी चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखे। निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए सी-विजिल एप भी एक महत्वपूर्ण एप है। सी-विजिल एप की मदद से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है। इसमें फोटो, वीडियो और ऑडियो अपलोड करके शिकायत दर्ज होने की सुविधा है। इस पर आने वाली शिकायत का तुरंत और तय समय में निपटान जरूरी है।

# संकल्प पत्र में विकसित भारत का दृढ़ संकल्प: सुभाष सुधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भाजपा ने दिल्ली** में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर अपना संकल्प पत्र जारी किया था, तो हरियाणा प्रदेश में भी भाजपा नेताओं ने संकल्प पत्र की खूबियां जनता के सामने रखी।खुद राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र विकसित भारत का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पहले जो कहा था वो सब करके दिखाया और अब जो संकल्प पत्र में कह रहे हैं, मोदी जी के नेतृत्व में वह भी शत-प्रतिशत करके दिखाएंगे। गरीब का कल्याण लगातार होता रहेगा, युवाओं के सपने आगे भी मजबूती के साथ पूरे करेंगे। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण का संकल्प दोहराया है। भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय मे पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ जिलाध्यक्ष रवि बतान, लोकसभा संयोजक मीडिया सम्पर्क विनीत क्वात्रा, पेनलिष्ट रविन्द्र सांगवान, लोकसभा मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, सुशील राणा व जिला सह मीडिया दिवाकर मौजूद रहे।राज्यमंत्री सुधा ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र नाम दिया है।

### चोरी करने की वारदात में शामिल दो गिरफ्तार

**सोनीपत: राई थाना पुलिस ने** घर से रुपये व आभूषण चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित तरूण उर्फ नीरज व कुनाल निवासी जठेड़ी सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जठेड़ी निवासी सत्यवान ने गत 9 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर गत 8 अप्रैल को अपने घर की छत पर बने कमरे सो रहा था। बक्सा खोलकर चैक किया तो उसके अंदर रखी अंगूठी सोने की तीन सहित चांदी के आभूषण सहित 14 हजार रुपये की राशि बरामद हुई।

# 'मेहनत कर लोस प्रत्याशी को जिताने का काम करें'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत** चौटाला ने कहा कि जजपा ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लोकसभा के उम्मीदवार घोषित कर दिए और जल्द ही अन्य सीटों के उम्मीदवार भी घोषित कर दिए जाएंगे । पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जनसंपर्क अभियान के तहत गन्नौर के रामलीला मैदान में संबोधित कर रहे थे । खारिया कर्म में पहुंचने पर पार्टी के गन्नौर हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने पर पार्टी के नेता रणधीर मलिक, सियानंद त्यागी,महिला जिला अध्यक्ष रजनी मलिक, एडवोकेट अक्षय त्यागी आदि ने फूल माला से स्वागत किया



। चौटाला ने संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी पार्टी हो चुनाव के समय में कोई कार्यकर्ता पार्टी छोड़ता है तो नए कार्यकर्ता भी पार्टी से जुड़ जाते हैं । जनसंपर्क अभियान के दौरान चौटाला ने आमजन व पार्टी कार्यकताओं से पार्टी के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं के सहयोग से ही पार्टी चलती है । पार्टी का कार्यकर्ता जितना मजबूत होगा उतनी ही मजबूत पार्टी होगी ।।चौटाला ने कहा कि इनेलो और कांग्रेस का संगठन कमजोर है। कांग्रेस की भीतरी कलह जगजाहिर है। भाजपा ने 75 पार का नारा दिया था, आखिर में उनके सहारे की जरूर पड़ी थी। जजपा कमजोर नहीं मजबूत पार्टी है। उन्हें चौधरी देवीलाल ने संघर्ष सिखाया है। उनके हौसले कभी नहीं टूटे, उनके जीवन से हमने इतने वर्षों में एक चीज सीखी है कि मेहनत करो जनता अपने आप ताकत देगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव होने तक बूथ सखी और बूथ योद्धा को लेकर कैंपेन चलाया जाएगा। जो विधायक का चुनाव लड़ने के इच्छुक है, वे अपने क्षेत्र में पुरजोर मेहनत कर लोस प्रत्याशी को जिताने का काम करें।

कार्यक्रम के उपरांत चौटाला ने हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी के आवास पर जलपान किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया, डॉ केसी बांगड़, भानेराम, दलवीर, कुलदीप सरपंच, सरपंच संदीप आदि मौजूद थे।

### शहर की गलियों में आवार कुत्तों का आंतक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर की गलियों** में आवारा कुत्तों को आंतक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। नवरात्रि के नवमी पर कन्या पुजन के लिये कंजक का समान लेने गये राहगीर (गुलशन) का न्यू कालोनी में सुबह अवारा कुत्ते ने काट लिया। रेलवे रोड निवासी घायल गुलशन ने बताया कि नवरात्रि के नवमी पर कन्या पूजन के लिये कजंक का सामान लेने न्यू कालोनी किराने की दुकान पर गया। न्यू कालोनी में अवारा कुत्तें ने हमला कर किया घायल। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। जिसे परिवार वाले इलाज के लिये नागरिक हस्पताल सोनीपत ले गये। चिकित्सक ने 5 इजेक्शन लगने की जानकारी दी। अस्पताल में सुबह एक इंजेक्शन लगाकर दवा देकर चिकित्सक ने घर भेज दिया। इस बारे में न्यू कॉलोनी निवासी हरिश कुमार ने बताया कि अवारा कुत्ते पहले भी 8-9 व्यक्तियों को काट चुके है। कॉलोनीवासियों का घर में बाहर आना-जाना मुश्किल हो चुका है। कॉलोनी वासियों ने नगर निगम व प्रशासन से अपील की कि मामले में संज्ञान लेते हुए शहर की गलियों में आवारा घूम रहे कुत्तों को पकड़ने का काम करें।

# युवक की हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल थाना** क्षेत्र में चार दिन पहले लापता हुए युवक का शव क्षत-विक्षत अवस्था में मुरथल हाईवे के पास स्थित मिष्ठान भंडार के पीछे खंडहर पड़े कमरे में मिलने के मामले में पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित उर्फ मिठू व विकास उर्फ विक्की निवासी मुरथल का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। उसे अदालत ने चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

गांव मुरथल निवासी सतीश कुमार ने 13 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनका बेटा दीपक (22) घर से 9 अप्रैल को कपड़े धोने का सर्फ लेकर आने के लिए निकला था। उसके बाद बेटा घर पर नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। उन्होंने 10 अप्रैल को मामले की शिकायत मुरथल थाना पुलिस को दी थी। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी थी। हालांकि उनका कोई सुराग नहीं लग सका। मोबाइल की कॉल डिटेल में पता लगा कि एक नंबर से उनके बेटे के पास कई बार कॉल आई हुई है। वह नंबर उनके परिचित का है। उसके बाद अब बेटे का शव मुरथल के पास स्थित मिष्ठान भंडार के पीछे बने एक खंडहर कमरे में मिला है। पुलिस को खंडहर में अज्ञात का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्हें मौके पर बुलाया गया। शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला है। बेटे के शव की पहचान कपड़ों से जा सकी है। उसके सिर पर ईंट से हमला किया गया है। शव को देखकर लगता है कि 9 अप्रैल को ही उसकी हत्या कर गई थी। पिता सतीश ने बताया कि उनका बेटा दीपक बिजली मैकेनिक के पास काम करता था। वह उसके पास मजदूरी करने के साथ ही काम सीख रहा था। उनके बेटे की कोई रंजिश नहीं थी। उसके बावजूद बेटे की हत्या कर दी गई। चार दिन शव पड़ा रहने के कारण गर्मी में क्षत-विक्षत हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया था। जहां पर चिकित्सक ने शव को क्षत-विक्षत होने के चलते महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानुपर में रेफर कर दिया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा जोड़कर जांच आगे बढ़ा दी है।

# सब्जी लेने मार्केट गई महिला के गले से सोने की चेन झपटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27 थाना सोनीपत** क्षेत्र में बेखौफ झपटमारों ने बिहारी मार्केट व सेक्टर-15 में महिला व चार्टर्ड अकाउंटेंट की चेन झपट ली। बाइक सवार दो युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने महिला के पति व चार्टर्ड अकाउंटेंट के बयानों पर मुकदमे दर्ज कर लिए हैं। पुलिस झपटमारों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग झपटमारों का लग सके। सेक्टर-12 निवासी सुदेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वह अपनी पत्नी अर्चना सिन्हा के साथ मंगलवार रात आठ बजे घर से सेक्टर-15 की बिहारी मार्केट में सब्जी खरीदने गए थे। जब वह ट्रैक्टर वाले से सब्जी खरीद रहे थे तो उसी दौरान दो युवक बाइक पर सवार होकर उनके पास आए। एक युवक ने चेहरे पर हेलमेट लगा रखा था। तभी पीछे बैठे युवक ने उनकी पत्नी की गली से सोने की चेन झपट ली। वारदात को अंजाम देकर बाइक सवार भाग निकले। जिस पर उन्होंने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने देर रात जांच के बाद झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**घूमने निकले सीए के गले से चेन झपटी-**

सेक्टर-12 निवासी गौरव आर्य ने बताया कि वह दिल्ली में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की जॉब करते हैं। वह बुधवार सुबह घर से घूमने के लिए निकले थे। घूमने के बाद सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब वह अपने घर आ रहे थे तो बिहारी मार्केट से निकलकर सेक्टर-15 में पहुंचे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक उनके पास आए। बाइक चालक ने हेलमेट लगा रखा था और पीछे बैठे युवक ने चेहरे पर रुमाल बांध रखा था।

### फिम्स द्वारा रामनवमी के शुभ अवसर पर भंडारे का आयोजन

**सोनीपत: फिम्स अस्पताल** प्रशासन द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग दो हजार व्यक्तियों ने हलवा, पूरी, सब्जी व रायता का प्रसाद ग्रहण किया। फिम्स द्वारा जनसरोकार से जुड़ते हुये हर साल रामनवमी के शुभ अवसर पर विशाल भण्डारा आयोजित किया जा रहा है। प्रबन्ध निदेशक रजत जैन ने बताया कि इस धार्मिक भण्डारे में रोगियों के अभिभावकों, ईलाज के लिये आने वाले लोगों, आमजन, निकटवर्ती औधोगिक क्षेत्र के कर्मियों, ग्रामिणों व समस्त स्टाफ के अलावा राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

# स्व. रामनिवास ने समाजसेवा के लिए बेहतर कार्य किया: दुष्यंत

## बुजुर्गों की याद में स्थापित की गई मूर्ति परिवार की आस्था को दर्शाता है

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गांव धतूरी में स्वर्गीय** रामनिवास त्यागी व उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय क्रांति देवी की मूर्ति स्थापना एवं शिव मंदिर के नवीनीकरण के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया । पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने शिरकत की । पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जजपा नेता दुष्यंत चौटाला का पहुंचने पर सियानंद त्यागी पूर्व पार्षद व अन्य ने स्वागत किया। चौटाला ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय रामनिवास त्यागी ने समाज सेवा के लिए बेहतर कार्य किया उनके द्वारा किए गए कार्य के कारण उन्हें हमेशा याद



किया जाएगा । उन्होंने कहा कि उनके परिवार को भी उनके दिखाई मार्ग का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए । चौटाला ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों की याद में स्थापित की गई मूर्ति परिवार की आस्था को दशार्ता है। इस मौके पर दयानंद त्यागी, सियानंद त्यागी (पूर्व पार्षद) सुरेश त्यागी (अध्यक्ष त्यागी समाज हरि.) देवेंद्र त्यागी (पूर्व सरपंच), अरुण त्यागी , तरुण त्यागी, अभिषेक त्यागी , अंशुमन त्यागी , विपुल त्यागी, आयुष त्यागी, नगर पालिका के अध्यक्ष अरुण त्यागी आदि मौजूद थे।

**प्रेरित**

8 उन्होंने कहा कि उनके परिवार को भी उनके दिखाई मार्ग का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ना चाहिए

# नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय का मुद्दा गरमाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** हरियाणा बनाओ अभियान द्वारा हरियाणा के लिए अलग से नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय बनाने की मांग को लेकर सेमिनार में प्रस्ताव पास किया गया। सेमिनार में सोनीपत के वरिष्ठ अधिवक्ता , बुद्धिजीवी और अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। भारत सरकार के पूर्व उप सचिव महेंद्र सिंह चोपड़ा ने सेमिनार में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहा कि आज जो सेमिनार हुआ है वह प्रदेश में नए इतिहास को गढ़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने हरियाणा की राजधानी के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष

**प्रस्ताव पास**

8 नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय बनाने की मांग को लेकर सेमिनार में प्रस्ताव पास किया गया

1966 में सदियों बाद हरियाणा क्षेत्र को पूर्ण प्रशासनिक इकाई के रूप में मान्यता मिली थी। उसी समय हिमाचल प्रदेश का गठन हुआ था, परन्तु हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक नेतृत्व ने परिपक्वता और दूरदर्शिता का परिचय देते हुए अपनी अलग राजधानी और उच्च न्यायालय बनाकर अपने प्रदेश को एक अलग पहचान और पूर्णता प्रदान कर ली। परन्तु हरियाणा को आज तक न तो अलग राजधानी मिल पाई है और न ही अलग से उच्च न्यायालयपूर्व कुलपति राधे श्याम शर्मा ने हरियाणा में नई राजधानी के निर्माण के बाद रोजगार के महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रकाश डाला और हरियाणा के भीतर अलग उच्च न्यायालय के महत्व पर जोर दिया। हरियाणा बनाओ अभियान के संयोजक तथा पंजाब-हरियाणा-चंडीगढ़ बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रणधीर सिंह बधरान ने भी हरियाणा की अलग से नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय के महत्व को समझाते हुए कहा कि इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने और केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर दबाव बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को साथ में लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के अनेक अधिवक्ता हरियाणा और पंजाब की अलग बार कौंसिल की मांग भी प्रमुखता से उठा रहे है। सेमिनार में एडवोकेट गोपाल गोयत बीबीपुर सह संयोजक हरियाणा बनाओ अभियान ने अपने सम्बोधन में कहा कि हरियाणा को पंजाब से अलग हुए 57 साल हो गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से इस क्षेत्र को अभी तक पूर्ण स्वायत्त राज्य का दर्जा नहीं मिल सका है। क्योंकि न तो इसे अपनी अलग राजधानी और न ही अलग उच्च न्यायालय मिल पाया है।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष वकील एसोसिएशन हरियाणा सुरेंदर वैरागी, अधिवक्ता यशपाल राणा, अधिवक्ता रवि कांत सैन समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार व्यक्त किये। सेमिनार में अधिवक्ता हरपाल सिंह, अधिवक्ता जय भगवान शर्मा, अधिवक्ता बीपी त्यागी, एडवोकेट अंकुर ढाका, अधिवक्ता मनोज कुमार, सुरेन्द्र बैरागी, रवि कांत, यादवेन्द्र सिंह श्योराण, भारत भूषण, डा. सुरेन्द्र कुमार रोहिला, रमेश कुमार रोहिला, मास्टर ईश्वर सिंह गोयत,मास्टर संदीप कुंडू, सुखबीर सिंह मलिक, किसान यूनियन व अनेक नागरिकों शिरकत की और सर्वसम्मति से हरियाणा के लिए अलग से नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय बनाने की मांग को लेकर प्रस्ताव पास किया गया।

# अलग-अलग स्थानों से ट्राली चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मोहाना थाना पुलिस** ने अलग-अलग स्थानों से ट्राली चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेंद्र निवासी जुआं, दीपक निवासी जुआं का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच गांव नैनातातारपुर निवासी जसवीर ने गत 16 अगस्त को शिकायत देकर बताया कि उसने अपनी ट्राली को खाली प्लॉट में खड़ा किया था। किसी ने उसकी ट्राली को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर ट्राली की तलाश करता रहा, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी सुनील की टीम ने जुआं निवासी नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

वहीं दूसरे मामले में गांव सलारपुर माजरा निवासी संदीप ने 12 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके घेर से किसी ने उसकी दो ट्राली चोरी कर ली। अपने स्तर पर ट्रालियों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए जांच अधिकारी उप निरीक्षक अशोक की टीम ने जुआं निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

# 'आप' ने लॉन्च किया 'रामराज्य वेबसाइट'

## लोग आम आदमी पार्टी किस तरह रामराज्य की अवधारणा पर काम कर रही है इसे देख सकते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने रामनवमी के दिन बुधवार को रामराज्य की अवधारणा पर एक वेबसाइट को लांच की। आपका रामराज्य डॉट काम पर जाकर लोग आम आदमी पार्टी किस तरह रामराज्य की अवधारणा पर काम कर रही है इसे देख सकते हैं। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले इस वेबसाइट को इसलिए लांच किया है, जिससे लोग उनकी पार्टी के कामों को देखे। वेबसाइट पर दिल्ली, पंजाब राज्य में राम राज्य की अवधारणा पर क्या काम हुए है इसके बारे में बताया गया है। वहीं गुजरात और गोवा में उनके विधायकों ने क्या काम किया है उसको भी दिखाया गया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नवमी के मौके पर आपका रामराज्य वेबसाइट को लांच किया गया। पहली रामनवमी है जब अरविंद केजरीवाल हमारे साथ नहीं हैं। वह जेल में हैं और संदेश भेजते रहते हैं। उन्हें झूठे बयानों के आधार पर आज जेल में डाल दिया गया है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि रघुकुल रीति सदा चलि आई प्राण जाए पर वचन न जाई। इससे प्रेरणा लेकर अरविंद केजरीवाल पिछले नौ साल से काम में लगे हैं। भगवान श्रीराम ने 14 साल वन में रहकर अपना वचन निभाया। अरविंद केजरीवाल भी संघर्ष कर रहे हैं। आज झूठे मुकदमे में उन्हें फंसाया गया है। वह जेल से संदेश भेजते हैं कि दिल्ली में स्कूल, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था ठीक रखें। वह यह नहीं कहते है उन्हें बाहर निकालने के लिए काम करो। क्योंकि दिल्ली को वह अपना परिवार मानते है। आपका रामराज्य वेबसाइट पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहीदों के सम्मान आदि के लिए दिल्ली और पंजाब में जो काम किया है। उसे देख सकें और काम को देखकर वोट करें। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राम राज्य का मतलब जिसके अंदर किसी को कोई समस्या न हो। रामराज्य में किसी को मानसिक व दैहिक कष्ट नहीं था। सभी लोग अपने अपने धर्म का पालन करते थे। कोई भेदभाव नहीं था। सभी खुश थे। अरविंद केजरीवाल जब अपने दिल्ली और पंजाब मॉडल के बारे में कहते हैं तो इसी माडल की बात करते हैं।

**लॉन्च**

**8 अरविंद केजरीवाल जब अपने दिल्ली और पंजाब मॉडल के बारे में कहते हैं तो इसी माडल की बात करते हैं**

**केजरीवाल को लेकर किया बड़ा दावा:** आप नेताओं ने कहा कि यह पहली राम नवमी है जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। उन्होंने सही मायने में रामराज्य की अवधारणा पर दिल्ली में काम किया है। रामराज्य यही था जहां जनता के लिए राज्य चलाया जाता था। वही काम केजरीवाल कर रहे हैं। जनता के लिए सरकार चला रहे हैं, जहां बिजली, पानी, बच्चों की अच्छी शिक्षा और लोगों के अच्छे इलाज की बात होती है। देश के आजाद होने के बाद से पहले किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि लोगों को मुफ्त बिजली पानी मिल सकता है। जो लोग हमारे कामों को देखना चाहते हैं वे हमारी वेबसाइट पर जाएं और देखें कि हमारी सरकार ने दिल्ली और पंजाब में क्या काम किया था। भगवान राम को अपने राज्य के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा था, उसी तरह केजरीवाल को भी बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है।

**25 मई को होगा मतदान:** उल्लेखनीय है कि दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों में आम चुनाव के छठे चरण के दौरान 25 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

**21 मार्च से हिरासत में हैं दिल्ली सीएम:** आबकारी नीति घोटले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च की शाम दो घंटे की पूछताछ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। तब से वह हिरासत में हैं।

# सफाईकर्मी ने एएसआई की हत्या के लिए पहले से बनाया था प्लान

**जांच जारी**

**8 एएसआइ बिना वर्दी एक बैग लेकर अपनी मोटरसाइकिल से सफाई कर्मचारी से मिलने के लिए आए थे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ब्याज का झंझट और उधारी खत्म करने के लिए सफाई कर्मचारी ने मिलने के लिए मीत नगर फ्लाईओवर के पास बुलाया था। एएसआइ दिनेश शर्मा घर से ड्यूटी के लिए तो निकले, लेकिन वह अपने कार्यालय जाने के बजाय पहले सफाई कर्मचारी से मिलने के लिए पहुंच गए। एएसआइ बिना वर्दी एक बैग लेकर अपनी मोटरसाइकिल से सफाई कर्मचारी से मिलने के लिए आए थे। पुलिस को जांच में पता एएसआइ कुछ वर्ष पहले सफाई कर्मचारी के संपर्क में आया था। एएसआइ ब्याज पर लोगों को रुपये देते थे। मुकेश को भी रुपयों की जरूरत थी।

**एएसआइ से उधार लिए थे पांच लाख रुपये:** उसने एएसआइ से पांच लाख रुपये ब्याज पर उधार लिए थे। वह ब्याज के 25 हजार रुपये माह एएसआइ को दे रहा था। अधिक उधार के कारण उसकी आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही थी। इन सबसे पीछा छुड़ाने के लिए उसने एएसआइ को मिलने के लिए बुलाया। फोन कॉल से पता चला है कि दोनों की बात हुई थी। पुलिस को पता चला कि सफाई कर्मचारी ने योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिसकर्मी की हत्या के लिए उसने अवैध पिस्टल खरीदी थी। किससे खरीदी थी, पुलिस इसका पता चला रही है।

**अष्टमी की पूजा कर घर से निकले थे एएसआइ:** एएसआइ दिनेश शर्मा के घर की एक पुलिसकर्मी ने मंगलवार दोपहर को घंटी बजाई। उनका बेटा बाहर आया।

पुलिसकर्मी ने कहा किसी ने तुम्हारे पिता की गोली मारकर हत्या कर दी है। इतना सुनते ही एएसआइ के बेटे अंशु के पैरों तले जमीन निकल गई। वह रोते हुए अंदर दौड़ा हुआ गया और परिवार को सूचना दी। एएसआइ के परिवार में पत्नी सुमन, दो बेटे पंकज और अंशु व एक छोटी बेटी है।

# 'सभी सात लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगी भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर चांदनी चौक लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवीण खंडेलवाल ने बुधवार को कनॉट प्लेस स्थित मंदिर में प्रभु श्रीराम एवं उनके अनुयायी हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने रामनवमी के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद यह पहली रामनवमी है। मैंने हनुमान मंदिर में भगवान श्रीराम और हनुमान जी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि तीसरी बार फिर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनेगी। खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा इस बार फिर राजधानी दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

**दावा**

**8 भाजपा इस बार फिर राजधानी दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी**

# एलजी के अधिकारी पानी की समस्या के लिए जिम्मेदार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी की समस्या पर एलजी वीके सक्सेना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम लिखे गए खुले पत्र पर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एलजी को दिए जवाब में उपराज्यपाल के इस पत्र को दुर्भाग्यपूर्ण संदेश बताया है। उन्होंने कहा कि यह पत्र दिल्ली की चुनी हुई सरकार के लिए एक अपमान जैसा है। मंत्री ने एलजी से कहा कि मैंने आपसे उस अधिकारी को निलंबित करने का अनुरोध किया था जो बार-बार काम में रुकावट डाल रहा है। मगर आप ने उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इस अधिकारी ने अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए यदि समय पर काम किया होता, तो इस गर्मी में राष्ट्रीय राजधानी के सामने आने वाले संकट को टाला जा सकता था।



**एलजी पर लगाए आरोप:** मंत्री ने कहा कि कई महीनों से दिल्ली सरकार के मंत्री उन मामलों में आपके तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध कर रहे हैं, जहां सरकार के अधिकारियों की चूक के कारण शासन के कार्य ठप हो गए हैं। मंत्री ने आरोप लगाया कि इस लंबी अवधि में आपने दिल्ली के लोगों की जल-संबंधी समस्याओं के प्रति पूरी तरह से चुप्पी और उदासीनता बनाए रखी है।

**दुर्भाग्यपूर्ण**

**8 एलजी को दिए जवाब में उपराज्यपाल के इस पत्र को दुर्भाग्यपूर्ण संदेश बताया है।**

**'एलजी के अधिकारी जिम्मेदार':** मंत्री आतिशी ने कहा है कि आपका खुला पत्र प्रकाशिकी के लिए हो सकता है, लेकिन आप इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि दिल्ली में पानी के मौजूदा संकट के लिए आप के अधिकारी जिम्मेदार हैं। जिसके कारण पूर्वी दिल्ली में दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। मंत्री ने कहा कि 19 मई 23 को ही मुख्यमंत्री ने डीजेबी को छह महीने की समय सीमा के भीतर दिल्ली सरकार की भूमि पर ट्यूबवेल कार्यों को पूरा करने के निर्देश जारी किए थे। साथ ही उन्होंने डीजेबी के अधिकारियों को ट्यूबवेल लगाने के लिए डीडीए के साथ संयुक्त निरीक्षण करने का निर्देश दिया था। इसी तरह 5 जून, 2023 को भी डीजेबी की परियोजनाओं की एक अन्य समीक्षा में भी मुख्यमंत्री ने डीजेबी को सभी ट्यूबवेलों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करने और अगले चार महीनों के भीतर निगरानी के लिए ट्यूबवेल समूहों की स्थापना में तेजी लाने आदि का निर्देश दिया था।

# कोरोना मामले में तीन और स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने 2021 में कोविड महामारी के दौरान लगभग 60 करोड़ रुपये के दस्ताने, मास्क और रैपिड टेस्ट किट की खरीद में कथित अनियमितताओं के लिए तीन और स्वास्थ्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सतर्कता विभाग ने उन अधिकारियों को नोटिस भेजा है जो उन कुछ समितियों का हिस्सा थे, जो इस खरीद से संबंधित थीं। इसमें निविदाएं जारी करने, कंपनियों को शार्टलिस्ट करने, अनुबंध देने आदि के काम शामिल थे।सतर्कता विभाग ने आरोप लगाया है कि अधिकारी विभिन्न कंपनियों को चलाने वाले एक विशेष परिवार के पक्ष में निविदाएं प्रबंधित करने में शामिल थे। जिन अधिकारियों को नोटिस दिया गया है उनमें डा नितिन कुमार, उर्मिला और एस के वर्मा शामिल हैं। तीन स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी द्वारा भी इसी तरह का कारण बताओ नोटिस जारी करने के एक दिन बाद दिया गया है।

**नोटिस**

**8 खरीद में कथित अनियमितताओं के लिए तीन और स्वास्थ्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी**

# दिल्ली के बेघर भी मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में निभाएंगे भागीदारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में रहने वाले हर नागरिक का वोट महत्वपूर्ण है, उनका अधिकार है। ऐसे में, दिल्ली के बेघर मतदाता भी लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भूमिका निभाएंगी। बेघर मतदाता यानी जिनके पास रहने के लिए न कोई स्थायी ठिकाना और कोई पहचान प्रमाण पत्र नहीं है। मजबूरी में खुले आसमान के नीचे सड़क किनारे फुटपाथ पर, फ्लाइओवर के नीचे तो रैन बसेरों में रहने को विवश हैं। इन बेघरों को मतदान का मौका मिलेगा। दिल्ली में बेघर मतदाताओं का सर्वे कराया गया है। इसके साथ ही इन लोगों का पंजीकरण कर मतदाता पहचानपत्र बनाया गया है। इस तरह लोकतंत्र के महापर्व में बेघर लोग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही चुनाव आयोग की ओर से इन्हें मतदान के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी कहा कि मतदान हर नागरिक का अधिकार है। किसी को इस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है।

# मुखर्जी नगर में छत से कूदकर छात्रा ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुखर्जी नगर में बुधवार सुबह किराए के मकान की छत से कूदकर एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। ताजा जानकारी के मुताबिक तड़के 3:20 बजे थाना मुखर्जी नगर पुलिस को एक युवती की आत्महत्या के संबंध में जानकारी मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि बिल्डिंग में रहने वाली 29 वर्षीय स्वाति ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी है। जिससे युवती की मौत हो गई।

**जांच जारी**

**8 पुलिस को पता चला कि बिल्डिंग में रहने वाली 29 वर्षीय स्वाति ने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी है।**

**10 वर्षों से दिल्ली में पढ़ाई कर रही थी स्वाति:** स्वाति मेरठ के गांव बढ़ला की रहने वाली है। स्वाति के पिता किसान हैं। पुलिस जांच में पता चला कि युवती दूसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को लड़की के माता-पिता ने बताया कि स्वाति पिछले 10 सालों से दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रही थी और इस दौरान उसने कई निवास स्थान बदले थे।



रामनवमी के अवसर पर चाँदनी चौक से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने कनाट प्लेस स्तिथ श्री हनुमान मंदिर में पूजा करते हुए।

# दिल्ली-फरीदाबाद मार्ग पर 2 महीने तक मुश्किल भरा रहेगा सफर




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सरिता विहार फ्लाईओवर पर एक मई से पीडब्ल्यूडी विभाग मरम्मत का कार्य शुरू करने की तैयारी कर रहा है। यह काम 30 जून तक चलेगा। उधर से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। दिल्ली-फरीदाबाद मार्ग से रोजाना 50 हजार से अधिक वाहनों का आवागमन होता है। यह वाहन मथुरा रोड से होते हुए जाते है। सरिता विहार फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जल्द शुरू किया जाएगा।

**चार चरणों में किया जाएगा मरम्मत का कार्य:** विभाग की तरफ से मरम्मत का कार्य चार चरणों में किया जाएगा। यह कार्य जून 2023 में शुरू होना था। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से एनओसी मांगी थी, लेकिन कुछ शर्तों के कारण मरम्मत का कार्य अटका रहा। अब सभी शर्तों को पूरा कर लिया गया है। इसलिए अब इस कार्य को एक मई से शुरू कर तीस जून तक किया जाएगा। कार्य शुरू होने के कारण एक बार में एक तरफ तक का मार्ग बंद रहेगा और दूसरी तरफ से वाहनों को निकाला जाएगा। एक तरफ का कार्य पूरा करने में एक माह का समय लगेगा। जब एक तरफ का कार्य पूरा हो जाएगा, तो दूसरी तरफ कार्य शुरू किया जाएगा।

**वाहन चालकों को उठानी पड़ेगी परेशानी:** सरिता विहार फ्लाईओवर पर कार्य शुरू होने से वाहन चालकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में वैकल्पिक रास्तों की सूची तैयार की जा रही है। जिससे लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की दिक्कत से बचाया जा सके।

# एयर इंडिया के मालखाने से चुराई आईफोन, चार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने एयर इंडिया के मालखाने में काम करने के दौरान आईफोन चुराने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चोरी के तीन आईफोन भी बरामद किए हैं। आरोपितों में सुनील मिश्रा, प्रहलाद कुमार, चंदन प्रसाद और विनय कुमार सिंह शामिल है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनके पास आइफोन लेने के पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने सामान की लोडिंग के दौरान आइफोन चुराए थे। पुलिस आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**पार्सल में नहीं थे पांच आईफोन:** आईजीआई पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि दिल्ली कार्गो सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सुरेंद्र सिंह यादव ने कुछ दिनों पहले एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि एयर इंडिया के गोदाम में सामान का एक पार्सल आया था जिसे शिकागो (यूएसए) भेजा गया था। जिसमें से पांच आईफोन गायब मिले हैं।

**सीसीटीवी फुटेज की गई चेक: डीएचएल कंपनी का यह पार्सल था, जिसने परिवहन** का काम एयर इंडिया एयरलाइंस को सौंप रखा है। शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच करने के लिए गोदाम गई। वहां पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जहां पर सामान की लोडिंग और अनलोडिंग का काम होता है। इसे देखने के बाद पुलिस को पता चला कि आईफोन गोदाम से ही चोरी हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने सभी कर्मचारियों का ब्योरा खंगाला, जिसमें मोबाइल चुराने वाले चारों आरोपितों के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने तकनीकी मदद से चारों आरोपितों को दबिश देकर धर दबोचा। पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि जब हमें पता चला कि सामान में आइफोन का पार्सल भी है तो हमने आइफोन चुरा लिए थे।

# बहन भाई का शव मिला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शकरपुर थाना इलाके में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। पूर्वाह्न करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली की स्कूल ब्लॉक में दूसरी मंजिल पर दो शव पड़े हुए हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच की तो पता चला की एक महिला और एक युवक मृत हालत में पड़े हुए हैं। जांच में मृतक महिला की पहचान 29 साल की कमलेश और उसके भाई 18 साल के रामप्रताप के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक रामप्रताप दो दिन पहले ही अपने भांजे का जन्मदिन मनाने यहां उप्र से दिल्ली आया था। घटना के बाद महिला कमलेश का पति मौके से फरार था। जिस पर हत्या का शक जताया जा रहा है। कॉल मृतक महिला के ससुर ने पुलिस को की थी। आला अधिकारियों और फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

# गठबंधन के तहत एक हैं आप और कांग्रेस, पर चुनाव प्रचार दिख रहे अलग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में गठबंधन भले ही हो गया है, मगर चुनाव प्रचार अलग-अलग कर रहे हैं। इतना ही नहीं इनके मुद्दे भी अलग हैं। आप मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को प्रमुख चुनावी मुद्दा बना रही है और इस मुद्दे को लेकर घर-घर जा रही है, मगर कांग्रेस के चुनाव प्रचार में यह मुद्दा प्रमुख नहीं है।

**सिर्फ 4 सीटों पर प्रचार कर रही आप:** कांग्रेस यह तो मानती है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी गलत हुई है, मगर कांग्रेस महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है। दोनों दलों के बीच अभी तक संयुक्त प्रचार कार्यक्रम को लेकर भी कोई योजना नहीं बनी है। आप सिर्फ अपने हिस्से की चार सीटों पर ही प्रचार कर रही है।

**अभी चुनाव प्रचार में जुटे हैं भाजपा और आप के प्रत्याशी:** दिल्ली की तीन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा के बाद उम्मीद की जा रही थी दिल्ली में चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा, मगर अभी ऐसा कुछ दिख नहीं रहा है। अभी चुनाव प्रचार के मैदान में भाजपा और आप ही हैं। भाजपा और आप के प्रत्याशी जुटे हैं। आप के सामने एक समस्या जरूर आ रही है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से कार्यकर्ताओं और समर्थकों का मनोबल गिरा है। यहां तक कि आप को चुनाव में चंदा देने वाले भी अब खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। गठबंधन के बैनर तले आप और कांग्रेस के चुनाव प्रचार की रणनीति अभी तक स्पष्ट नहीं है। हालांकि गठबंधन के समय इन दोनों दलों ने दावा किया था कि जल्द ही चुनाव प्रचार को लेकर संयुक्त टीम बनेगी और मिलकर प्रचार करेंगे। यहां तक कि रैलियां भी मिलकर करने की बात कही गई थी।



**गठबंधन**

**8 मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से कार्यकर्ताओं और समर्थकों का मनोबल गिरा है**

**आप ने सातों सीट पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा की थी:** काफी प्रयास के बाद इस लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो सका है। यह गठबंधन भी उस स्थिति में हुआ है, जब आप ने दिल्ली की सभी सातों सीटों पर प्रत्याशियों को उतारने की घोषणा कर दी थी। यह भी कहा था कि प्रत्याशियों की घोषणा में देरी से हो रहे नुकसान के चलते अब और समय नहीं लिया जा सकता है। आप ने कांग्रेस के लिए यहां तक कहा था कि आइएनडीआइ गठबंधन में हैं, इसलिए एक टिकट दे देंगे। आप ने धीरे से यह बात की भी कह दी थी कि अगर कांग्रेस गठबंधन में साथ आती है, तो उसका इंतजार रहेगा। इसके बाद जल्द ही दोनों के बीच गठबंधन हो गया। जिसमें दिल्ली की चार सीटें आप और तीन सीटें कांग्रेस को मिलीं।

# भगवान श्रीरम ने एक आदर्श चरित्र प्रस्तुत कर समाज को एकसूत्र में बांधा : ललित पंवार

## युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने राम नवमी के अवसर पर शहरभर में विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष** ललित पंवार ने कहा कि भगवान श्री राम मयार्दा पुरूषोत्तम थे। उन्होंने एक आदर्श चरित्र प्रस्तुत कर समाज को एकसूत्र में बांधने का काम किया। अत्याचारों को समाप्त करने व धर्म की पुनः स्थापना के लिए भगवान श्रीराम अवतरित हुए। ऐसे मयार्दा पुरूषोत्तम राम को कोटि-कोटि नमन करते है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने राम नवमी के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला सहित शहर के अन्य स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में



पहुंचकर भगवान श्रीराम को नमन किया। जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने कहा कि भगवान श्री राम जी को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम ने अपना पूरा जीवन एक मयार्दा में रहकर व्यतीत किया। भगवान राम के चरित्र की कई ऐसी विशेषाताएं है, जो उन्हें प्रत्येक जन का आदर्श बनाती है। भगवान राम ने अपने आचरण से हर किसी के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। प्रभु श्री राम एक आदर्श मनुष्य, पुत्र, भाई, और पति होने के साथ-साथ एक आदर्श कुशल शासक भी थे, उनके शासनकाल में व्याप्त सुव्यवस्था के कारण आज भी रामराज्य का उदाहरण दिया जाता है। भगवान श्रीराम ने राजा होते हुए भी सन्यासी की तरह जीवन व्यतीत किया। सहनशीलता की ऐसी पराकाष्ठा भगवान श्री राम में ही देखने को मिलती है, आज हर व्यक्ति को भगवान राम के इस गुण को धारण करना चाहिए, ताकि बड़ी से बड़ी कठिनाई को संयम के साथ हल किया जाए सकें। भगवान श्री राम के अंदर दयालुता का भाव कूट-कूट कर भरा था वह पशु-पक्षी से लेकर हर प्राणी तक के लिए दयालु भाव रखते थे, भगवान राम ने अपने इसी गुण के कारण हर किसी को अपनी छत्रछाया में लिया। उन्होंने भगवान श्रीराम से सभी शहरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान प्रदीप गोयल, महेश जिंदल, बाबूराम सिंगला, नवरत्न चौपड़ा, प्रवीन, राजीव, जयसिंह, विशाल, जयकिशन, राकेश, राजू, प्रदीप, रामसिंह सहित बड़ी तादाद में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# श्री राम प्रचार मंडल द्वारा केक काटकर मनाया गया रामनवमी उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**

**दिनेश नौताना: महेंद्रगढ़ । श्री राम प्रचार** मंडल महेंद्रगढ़ द्वारा रामनवमी के उपलक्ष में भगवान राम का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया मंडल के प्रधान श्री अरविंद खेतान एवं संयोजक सुनील गर्ग ने बताया कि स्थानीय करेलिया बाजार में स्थित बाबा जयरामदास धर्मशाला के प्रांगण में गुरु अरविंद जी महाराज के सानिध्य में मनाए गए इस राम जन्मोत्सव में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया तथा ठीक दोपहर 12 बजे मास्टर अमरसिंह सोनी के निर्देशन में रामजन्म की मनमोहक झांकी पेश की गई जिसमें नन्हे बालक गर्विक मेहता के द्वारा रामलला की वेशभूषा में केक काटा गया और



सभी भक्तों द्वारा रामजन्म की बधाईयां गाई गई।

इस कार्यक्रम में श्री हरिराम मेहता ,श्रीमती सीता देवी, सुशील मेहता ,महेश मेहता, दिनेश मेहता, देवेंद्र मेहता ,मुकेश मेहता , प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, श्री मोहन वशिष्ठ, मोहनलाल गुप्ता, राजेश गुप्ता, गिरीश कानौड़िया, कैलाश धरसूंवाला, रामप्रताप जांगिड़ ,दीपक गर्ग, संदीप खोरीवाला, राजेश सैनी ,सतीश गौड़ जी, राम भगत, राजेश गर्ग, मनीष चौधरी ,अनिल कनोडिया ,नितिन शर्मा, अरुण खेतान ,ध्रुव जोशी , सुनील कनोडिया, दिनेश खोरीवाला, दिलीप गोस्वामी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### नामांकन दाखिल करते समय राजनैतिक दल व चुनाव प्रत्याशी करें हिदायतों का पालन: कुमार

**सोनीपत। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने सभी राजनैतिक दलों तथा चुनाव प्रत्याशियों का आह्वान किया है कि वे नामांकन पत्र दाखिल करते समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करें। इन हिदायतों के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालयों की 100 मीटर की परिधि में केवल 3 वाहन तथा चुनाव प्रत्याशी सहित केवल 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों तथा सभी सांसदों या विधायकों को जारी हिदायतों में कहा है कि वे लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी इस संदर्भ में हिदायतों का दृढ़ता से पालन करें। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में केवल 3 वाहनों की अनुमति रहेगी तथा नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में उम्मीदवार सहित केवल 5 व्यक्ति ही मौजूद रह सकते है। नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में चुनाव प्रत्याशी के अलावा 4 अन्य व्यक्तियों को अन्दर मौजूद रहने की अनुमति होगी, जिनमें चुनाव प्रत्याशी के नामांकन के प्रस्तावक शामिल हो सकते है। नामांकन पत्र दाखिल करते समय चुनाव प्रत्याशी के साथ आने वाले वाहनों के खर्च को चुनाव प्रत्याशी के खर्च में शामिल किया जायेगा।

### लाभार्थी सत्य नायक पहुंचा मंच पर

**सोनीपत: लोकसभा से बीजेपी** उम्मीदवार मोहनलाल बड़ोली ने गोहाना के स्वर्ण जयंती पार्क में विशाल जनसभा आयोजित हुई और इस सभा में भाजपा सरकार के लाभार्थी सत्य नायक ने मंच से जमकर बीजेपी सरकार की योजनाओं और नीतियों की तारीफ की। बीजेपी के मंच पर सत्य नायक



ने बताया कि वो कपड़े सिलाई करने का काम करते हैं और बीजेपी सरकार में आयुष्मान योजना के तहत उनका फ्री में इलाज हुआ और हरियाणा सरकार में मेरिट के आधार पर उनके दो बच्चों को नौकरी भी मिली। भाजपा उम्मीदवार मोहनलाल बड़ोली की उपस्थिति में नायक ने कहा कि बीजेपी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण बीजेपी अबकी बार 400 पार जाएगी।

### श्रद्धालुओं के साथ आम जनता ने जीएम से लगाई गुहार

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । जिला महेन्द्रगढ़ के नारनौल से** आजमाबाद मौखूता( बाबा रामेश्वरधाम) वाया निजामपुर से चलने वाली नारनौल डिपो की रोडवेज बस के पिछले कुछ दिनो से कई नंबर मिश होने के कारण आम लोगो के साथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर बुधवार को रामनवमी पर बाबा के स्थान पर धोक मारने वाले व क्षेत्र के लोगो ने नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार के साथ विभाग को कोषते रहे। इस संबंध मे श्रद्धालु भक्त गुरूग्राम से ओमवीर सिंह, धर्मबीर अटेली, राजबीर महेन्द्रगढ़ के साथ आजमाबाद निवासी भारतीय सेना से रिटायर्ड कैप्टन युधवीर यादव, सुनील व मुकेश ने बताया कि पिछले कुछ रोज से नारनौल मौखूता( बाबा रामेश्वरधाम धाम) के लिए चलने वाली हरियाणा रोडवेज के चालक कई नंबर मिश कर रहे है। जिससे आम यात्रियो के साथ बाबा रामेश्वरधाम को जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार के साथ विभाग के उच्चाधिकारियो से मांग करते हुए कहा कि यात्रियो व बाबा के श्रद्धालु की परेशानियो को देखते हुए पहले से चल रही सभी नंबरो पर रोडवेज की बसे सुचारू रूप से चलाई जाए। उन्होंने कहा कि आज रामनवमी का त्यौहार है जिस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी। परंतु रोडवेज बस नही चलने के कारण कुछ श्रद्धालु वापस लौट गए ओर कुछ श्रद्धालु किराए पर ऑटो लेकर बाबा के दर्शन किए।

# शंभू में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान, कई रेल गाड़ियां प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** किसानों के रेल रोको आंदोलन के कारण अंबाला-लुधियाना रेल मार्ग बंद है। क्योंकि किसान पंजाब के शंभू स्टेशन के ट्रैक पर बैठे हुए हैं। जिसकी वजह से 36 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं।संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीति और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर आज शंभू बॉर्डर पर किसानों का रेल रोको आंदोलन है। युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा समेत तीनों किसानों की रिहाई के लिए किसानों द्वारा ये आंदोलन किया जा रहा है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम भाजपा के साथ-साथ विपक्ष से भी सवाल पूछेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को रिहा करने से



भाग रही है। किसान नेताओं की रिहाई की मांग संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक एवं किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 13 फरवरी से किसान आंदोलन चल रहा है। पुलिस ने कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया है। किसान पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर बैठे हैं। जिसके कारण अंबाला-लुधियाना रेल खंड बंद है। किसानों के रेल रोको आंदोलन के कारण अंबाला कैंट से निकलने वाली 36 ट्रेन प्रभावित हुई हैं और 11 ट्रेन रद्द हुई हैं। इसके साथ ही 19 ट्रेन चंडीगढ़ के रास्ते संचालित की गई है। वहीं, एक ट्रेन को बीच रास्ते में रद्द किया है और पांच ट्रेनों को देरी से चलाया जा रहा है।

**विरोध**

**8 किसानों के रेल रोको आंदोलन के कारण अंबाला-लुधियाना रेल मार्ग बंद है**

गौरतलब है कि पिछले लग भग दो महीने से किसान शंभू टोल प्लाजा पर भी धरना प्रर्दशन करते हुए बैठे है। यहां पर बैरीगेट भी लगाए गए है। किसानों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगे नहीं मानती वे इसी प्रकार अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे। किसानो ने यह भी कहा कि इससे पहले भी तीनों कृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने प्रर्दशन किया।

# इनैलो नेता जोगिंद्र कुक्कू भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। इनैलो पार्टी** के शहरी अध्यक्ष रहे जोगिंद्र कुक्कू ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में आस्था जाहिर की। वह भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी के नेतृत्व में आयोजित हुई कल्सटर जनसभा के दौरान भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने पर पूर्व मुख्यमंत्री व करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल ने उनकी पीठ थपथपाई। पूर्व मुख्यमंत्री ने जोगेंद्र सिंह कुक्कू को आशीर्वाद दिया। काबिलेगौर है कि 32 वर्ष बाद इनैलो नेता जोगिंद्र



कुक्कू की भाजपा में घर वापिसी हुई। वह इनैलो पार्टी में कई वर्ष तक रहे, लेकिन अब वह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने के बाद जोगेंद्र कुक्कू ने कहा कि वह अब भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

# रामनवमी पर युवाओं एवं बच्चों ने लगाई छबील



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : नगर की विभिन्न** धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा श्री रामनवमी पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया वहीं स्थानीय लायल पुर बस्ती कालोनी में कुछ युवाओं एवं बच्चों ने अपने जेब खर्च से रामनवमी के अवसर पर छबील लगाई। इस बच्चों ने आने जाने वाले लोगों को भगवान श्री राम के जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए पूरा दिन शरबत वितरित किया।

# मां झंडेवाली के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मां झंडेवाली** सेवा समिति की ओर से नवरात्रि के उपलक्ष्य में मां झंडेवाली की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। श्री सेवा समिति आश्रम में आयोजित मां की चौकी में आज श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाए और भजनों पर झूम उठे। कंजक पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ मां की चौकी का समापन किया गया। मां की चौकी में मां का आशीर्वाद लेने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भजन गायकों के मधुर भजनों से समां बांध दिया और श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे समाजसेवी प्रमोद नागपाल ने माता रानी का श्रृंगार किया और



आशीर्वाद लिया। संस्था की ओर से उन्हें स्मृत्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति की ओर से 9 अप्रैल से मां की चौकियों का आयोजन किया गया, जिसका आज विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर कमल मुंजाल, महेश गुलाटी, प्रवीन गर्ग, ईशा बठला, आशा अरोड़ा, संगीता शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शराब के नशे में पत्नी को लोहे की राड से पीटा

**गन्नौर: दातौली गांव** में शराब के नशे में एक पति ने अपनी पत्नी की लोहे की राड से बुरी तरह से पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद पति उसे जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में कुरुक्षेत्र की रहने वाली नवनीत कौर ने बताया कि उसका दातौली गांव के विकास शर्मा के साथ वर्ष 2012 में प्रेम विवाह हुआ था। विकास शादी के बाद शराब पीने लगा और शराब पीकर उसके साथ मारपीट करने लगा। 16 अप्रैल की सुबह उसके पति विकास ने लोहे की राड से उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की भी धमकी दी।

# 'मनुष्य को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुख्य**मंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा है कि रामनवमी, होली, दिवाली, दुगार्पूजा, कृष्ण जन्माष्टमी समेत सभी त्यौहार अधर्म पर धर्म की विजय का सन्देश देते हैं इसलिए मनुष्य को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए । ऋषि मुनियों ने भी हमेशा धर्म, सत्य और ज्ञान को अपना आधार बनाया। राजीव जैन ने बुधवार को रामनवमी के अवसर पर श्रीराम शरणम् आश्रम में कन्याओं का विवाह, मौहल्ला कोट राम मंदिर में श्री राम कथा, जीवन विहार राम मंदिर, शिव मंदिर तारा नगर, श्रीराम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला



से शोभा यात्राओं को झंडी दिखाने के बाद श्रधालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने राम नवमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति में धर्म, सत्य, शौर्य, शील, संयम, विनम्रता के गुणों के साथ सदाचरण के मार्ग पर चलने और कर्तव्य निर्वहन का संदेश देते हैं। भाजपा नेता ने कहा कि केवल भगवान राम की वंदना से काम नहीं चलेगा बल्कि उनमें सभी गुणों को अपने अंदर धारण करने का संकल्प ले और और उनका संदेश जन-जन तक पंहुचायें। उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद राम नवमी का महत्व और भी ज्यादा है, इसलिए देश, विदेश में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा की इस अवसर पर हमें महर्षि बाल्मीकि को भी याद करना चाहिए जिनकी वजह से भगवान श्री राम सदियों के बाद भी हमारे आराध्य बने हुए हैं। इस अवसर पर नवरत्न चोपड़ा, प्रेम पाठक, प्रेम बत्रा, हार्दिक, गौरव तनेजा, कुशाग्र हसीजा, संजय, राजीव शास्त्री, नवीन तनेजा, जतिन, कारण, पंकज, प्रतीक, अमित, गुलशन, विपुल, जितेंद्र चावला, बाबूराम सिंगला, जय भगवान गुप्ता, आशीष जिंदल, लक्ष्य, टीका राम मित्तल, पवन अग्रवाल आदि आदि रामभक्त उपस्थित रहे।

# 60वां रैंक हासिल करने वाले अभिमन्यु को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई: लोक सेवा आयोग** ने यूपीएससी की परीक्षा का परिणाम मैं देश भर में सातवां रैंक हासिल करने वाले अभिमन्यु मलिक को पूर्व मार्केट कमेटी के अध्यक्ष व भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने अभिमन्यु ने बधाई दी और उनका मीठा मुंह करवाया। पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल ने बधाई देते हुए कहा कि बड़े गर्व की बात है कि हमारे सेक्टर 23 के रहने वाले अभिमन्यु मलिक ने 60वां रैंक प्राप्त किया है। वे दिल्ली के कक्कड़नुमा क्षेत्र में एसडीएम के प्रशिक्षण ले रहे



हैं। अपने लाडलों की उपलब्धि पर परिवारों में खुशी की लहर छाई है। अभिमन्यु मलिक फिलहाल दिल्ली के कक्कड़नुमा क्षेत्र में एसडीएम का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभिमन्यु शुरू से ही बहुत हॉनर था और अपनी मेहनत व सफलता के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

# जानलेवा हमला करने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: थाना** पुराना औद्योगिक पुलिस ने पीपल मंडी में हरिबाग कॉलोनी निवासी युवक पर जानलेवा हमला करने मामले में और दो आरोपियों को मंगलवार देर शाम बतरा कॉलनी से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान परवेज निवासी बतरा कॉलोनी व सुनील निवासी पूरेवाल कॉलोनी के रूप में हुई। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक में कमल पुत्र सुंदर दास निवासी हरि बाग कॉलोनी ने शिकायत देकर बताया था कि 4 फरवरी की शाम उसका भाई सुनील सब्जी लेने के लिए पीपल मंडी में गया था। जहा पर भाई ने 5/6 लड़को को जूआ का धंधा करते



देख उनके काम का विरोध किया। उनमे से दो लड़को ने गाली गलौच करते हुए सुनील को वहा से भागने की धमकी दी। सुनील ने फोन कर उसको बताया। वह बेटे के साथ मौके पर पहुंचा तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोपियों ने सुनील के सिर पर नुकीली चीज से वार किया और उसको गाड़ी में डालने लगे। पब्लिक को इक्कठी होते देख आरोपी सुनील को अधमरा कर मौके से फरार हो गए। कमल की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। इंस्पेक्टर जाकिर हुसैन ने बताया कि थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने मामले की गहनता से जांच करते हुए गत दिनों आरोपी राहुल उर्फ कालू निवासी पूरेवाल कॉलोनी व रिंकू उर्फ राधे निवासी बतरा कॉलोनी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी आरोपी रविंद्र उर्फ बिल्लू निवासी गढी सिकंदरपुर, प्रदीप निवासी पूरेवाल कॉलोनी, सुनील, चपू व परवेज के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक डंडा बरामद कर पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद फरार आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने मंगलवार देर शाम आरोपी परवेज पुत्र फारूक निवासी बतरा कॉलोनी व सुनील पुत्र महाबीर निवासी पूरेवाल कॉलोनी को बतरा कॉलोनी से गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने बुधवार को दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# यूपीएससी में 166 व रैंक हासिल करने वाले आकाशदीप व परिजनों को दी बधाई


**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गन्नौर शास्त्री नगर** के आकाशदीप ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 166वां रैंक हासिल करने पर शहर के लोगों द्वारा बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। आकाशदीन ने पांचवे प्रयास में सफलता हासिल की है। आकाशदीप की मां ममता, पिता राजकमल को बधाई देने वाले लोगों का ताता लगा हुआ है। संत गुरु रविदास सेवा समिति प्रधान दयानंद के साथ समिति के पदाधिकारी जितेंद्र टूर कर्मवीर भाटिया राम दिया रंग पाले राम कृष्ण रंग रामकुमार नेहरा रोहतास



प्रताप बलबीर सुखबीर सिंह व भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा भाजपा नेता माईराम कौशिक, संजय गौतम आदि ने बधाई दी और मुंह मीठा कराया। आकाशदीप की 10वीं, 12वीं की पढाई शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। इसके बाद बीटेक आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश से की।

# पीपल महादेव मंदिर राणा प्रताप बाग में माता की चौकी का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राणा प्रताप बाग स्थित श्री पीपल महादेव मंदिर में माता की चौकी का आयोजन किया गया। माता की चौकी का आयोजन श्री पीपल महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर के प्रांगण में अष्टमी के शुभअवसर पर किया गया। इस मौके पर भजन गायक पवन पाण्डेय ने अपने मुधर भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।
इस अवसर पर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, पार्षद रेनू अग्रवाल, निगम पार्षद विकेश सेठी, निगम पार्षद सुशील जोंटी, जोगी राम जैन पूर्व निगम पार्षद, पूर्व विधायक कंवर करन सिंह, भाजपा नेता राकेश अग्रवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस संजय सहगल, जेके डाबर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राणा प्रताप बाग, अनिल अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल पंचायत राणा प्रताप बाग, राणा प्रताप बाग रेजीडेन्टस एवं ट्रेडर्स फेडरेशन के अध्यक्ष योगेश चड्डा के अलावा संस्थाओं में विजय मेहता अध्यक्ष जयहिन्द चेरिटेबल ट्रस्ट, श्याम प्रेम मंडल, राणा प्रताप बाग व्यापार मंडल, महाराणा प्रताप बाग विकास मंच, भारत विकास परिषद्, प्रताप भवन ट्रस्ट, कम्यूनिटी हॉल ट्रस्ट, राणा प्रताप बाग धार्मिक मंच के पदाधिकारियों के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे और इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भव्य रूप में स्वागत किया। इस अवसर पर भव्य रूप में बजंरग बली, दुर्गा माता, राधा कृष्ण की झांकियां निकाली गई।
इस अवसर पर श्री पीपल महादेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश साहनी, उपाध्यक्ष अरूण नागपाल, उपाध्यक्ष दिलीप चड्डा, महासचिव अशोक सेठी, अमित बजाज सहसचिव, श्याम दीवान कोषाध्यक्ष, ट्रस्टी अशोक मोंगा, ट्रस्टी अजय विरमानी, ट्रस्टी नीरज चोपड़ा, ट्रस्टी केके महाजन, ट्रस्टी एमएल गोयल, ट्रस्टी सौरभ गांधी, ट्रस्टी सीपी चोपड़ा, ट्रस्टी सुशील गुप्ता के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
इस अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी नीरज चोपड़ा ने बताया कि पीपल महादेव मंदिर यहीं नहीं रूकेगा आगे भी अनेकों धार्मिक उत्सव व कार्यक्रम मंदिर के ट्रस्ट द्वारा आयोजित किये जाते रहेगें।

# नरेला विधानसभाः पुरानी अनाज मंडी में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**टीम एकशन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नरेला की पुरानी अनाज मंडी में सोमवार को कृष्ण कुमार बंसल (प्रधान) ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में अनाज मंडी सहित आसपास क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित पुरानी अनाज मंडी में सोमवार को अग्रवाल सेवा संघ के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने अनाज मंडी स्थित अपने कार्यालय पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान काफी संख्या में बच्चों से





लेकर युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही। सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने लाइन लगाकर जय माता दी के जयकारे के साथ श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अग्रवाल सेवा संघ के प्रधान कृष्ण कुमार बंसल ने सभी को रामनवमी की अग्रिम शुभकामनाएं दी और कहा कि कार्यालय पर समय-समय पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। क्योंकि भंडारे जैसे आयोजनों से जहां आपसी स्नेह और सौहार्द बढ़ता है, वही धार्मिक आध्यात्मिक जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता भी बढ़ती है। भंडारे में राहुल गुप्ता, विद्यासागर बंसल, मोहित गुप्ता, राजेश गुप्ता, विकास बंसल, राजेश रामगोपाल शर्मा, गोपी राम घी वाले, रमेश, बाल प्रकाश बंसल, श्रीप्रकाश गोयल, किशोरी लाल बंसल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## भारी मतों से विजयी होगें प्रत्याशी कन्हैया कुमारः मोहित सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उत्तर-पूर्वी दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को प्रत्याशी बनाये जाने पर कांग्रेस नेता मोहित सैनी ने मुलाकात की और बुराड़ी विधानसभा से जुड़े कई मुद्दों पर बातचीत भी की।
इस मौके पर मोहित सैनी ने आलाकमान का भी धन्यवाद किया और कहा कि हम घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे है और कन्हैया कुमार के पक्ष में वोट करने की अपील भी लोगों से की जा रही है और लोगों को समझाया जा रहा है, कांग्रेस ही बेहतर शासन दे सकती है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। श्री सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में देश की जनता



काफी ज्यादा परेशान है, क्योंकि भाजपा ने जो भी वादे किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है। आज भाजपा के राज में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच चुकी है और भाजपा के राज में सभी वर्ग के लोग काफी ज्यादा परेशान है।
उन्होंने यह भी बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, जनता का मूंड इस बार कांग्रेस के पक्ष में है।

# चांदनी चौक लोस से जय प्रकाश अग्रवाल को टिकट मिलने से कांग्रेसी हुए गदगद, किया जेपी का स्वागत






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः चांदनी चौक** लोकसभा सीट से कांग्रेस के पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल को कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के सामने चुनावी मैदान में उतारा है। जेपी अग्रवाल को टिकट मिलने से चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी काफी खुश नज़र आ रहे है।
**बधाई देने वालों का लगा रहा तांताः** चांदनी चौक लोकसभा सीट कांग्रेस की ओर से जय प्रकाश अग्रवाल के नाम की घोषणा होने के बाद से उनके कार्यालय पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। तो वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में भी खुशी की लहर दौड़ पडी।
बधाई देने वालों में राणा प्रताप बाग से कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी जज कुमार डाबर, आनंद गोयल, रमेश शर्मा, नीरज मित्तल, रविंद्र दूबे, विनोद वधवा सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जय प्रकाश अग्रवाल को बधाई दी।
इसके साथ ही मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने जेपी अग्रवाल को चांदनी चौक लोकसभा सीट भारी मतो से जीत दिलवाने के लिए आश्वस्त भी किया।
**जेपी अग्रवाल को जिताने के लिए कार्यकर्ता हैं तैयारः** इस मौके पर जेके डाबर ने कहा कि हम हमारे प्रत्याशी जेपी अग्रवाल को जिताने के लिए ऐडी से चोटी तक का जोर लगा देंगे और भारी मतों से अपने प्रत्याशी को विजय दिलवाऐंगे। उन्होंने कहा कि वैसे भी दिल्ली की जनता ने एक बार फिर राहुल गांधी पर भरोसा जताते हुए का कांग्रेस को जीताने का मन बना लिया है और भाजपा को देश की जनता अब सिरे से नकार रही है। इस मौके पर कई लोगों ने विचार रखें।

## लोकसभा चुनाव पर चर्चा...

# देश में भारतीय जनता पार्टी के फेवर में है माहौलः जय प्रकाश यादव

**देश में लोकसभा चुनाव की सरगर्मिया अब काफी तेज हो गई है और सभी पार्टी ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिये है और प्रत्याशी जीत की रणनीति बना रहे है, इसके अलावा कार्यकर्ता भी बड़े जोर-शोर से जिला व बूथ स्तर पर कार्य कर रहे है। इसी संदर्भ में हमारे संवाददाता ने पूर्व विधायक आदर्श नगर एवं संयोजक आदर्श नगर विधानसभा चुनाव से लोकसभा चुनाव पर चर्चा की और कई सवाल किये।**




**सवालः देश में लोकसभा चुनाव होने वाले है, आप भी प्रचार करने जाते है क्या माहौल लग रहा है।**
जवाबः पूरा माहौल और देश मोदी के पक्ष में है, रिक्शेवाला, मजदूर, गरीब, हर व्यक्ति फिर से मोदी को लाना चाहता है और इसमें कोई भी संदेह नहीं है की इस बार मोदी सरकार 400 के पार है, क्योंकि मोदी देश का विकास कर रहे है।
**सवालः लोकसभा चुनाव में क्या मुद्दे होने चाहिए?**
**जवाबः** ये चुनाव देश का होता है और इसमें देश के मुद्दे होने चाहिए। प्रवीण खंडेलवाल एक अच्छे नेता है और मुझे पूरा विश्वास है की जनता उनका साथ देगी। प्रवीण खंडेलवाल संसद में जाकर ताकत से लोगो के मुद्दों पर बात करेंगे।
**सवालः भाजपा ने कई बड़े नेताओ की टिकट काट दी है, जिसमें डॉ हर्षवर्धन भी शामिल है। किस कारण से उनकी टिकट काटी है।**
**जवाबः** ये तो हाईकमान तय करती है। हमें तो जिस भी उम्मीदवार को सौंप देंगे। हमारे लिए वो ही सर्वोपरि है।
**सवालः केजरीवाल की गिरफ्तारी का असर चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कितना देखने को मिलेगा।**
**जवाबः** इसका असर कुछ भी नहीं होगा। केजरीवाल झूठा है। केजरीवाल के मंत्री खुद ही कहते है कि वो गिरफ्तार होने वाले है, आपको पता ही है कि आतिशी कितना झूठ बोलती है।
**सवालः आप और कांग्रेस गठबंधन से चुनाव लड़ रही है। कितना असर चांदनी चौक सीट पर देखने को मिलेगा।**
**जवाबः** असर तो कुछ नहीं होगा। यह वही केजरीवाल है जो कभी सोनिया गाँधी को जेल में डालने की बात करता था। लेकिन आज सब झूठे एक सात मिलकर चुनाव लड़ रहे है।
**-प्रस्तुतिः शिवानी मोरवाल/ तीरथ राज**

## विकसित स्टार्टअप विकसित भारत विषय पर सेमिनार आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः शिवाजी कॉलेज** के ई-सेल और एनेक्टस सोसायटी द्वारा वार्षिक उत्सव, उधमोद्य'24 का आयोजन किया गया। उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी खोज और सामाजिक प्रभाव के लिए समर्पित इस कार्यक्रम का मूल विषय 'विकसित स्टार्टअप, विकसित भारत' था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के स्टार्टअप इकोसिस्टम उधमोद्य फाउंडेशन के संयुक्त सीईओ डॉ. अभिषेक टंडन थे। उन्होंने छात्रों को देश के विकास में अपना योगदान देने और स्टार्टअप बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत और समर्पण की भावना के साथ उद्यमिता के अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। शिवाजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज के मार्गदर्शन और नेतृत्व में कॉलेज अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के नए मानक स्थापित कर रहा है। उद्घाटन सत्र में सर्वश्रेष्ठ बिजनेस प्लान रोलिंग ट्रॉफी का अनावरण और कॉलेज की एनेक्टस सोसाइटी द्वारा एक नई परियोजना 'करित्री' का शुभारंभ किया गया। इसके बाद एक पैनल चर्चा हुई जिसमें विशेषज्ञों ने स्टार्टअप विस्तार, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में चुनौतियों और अवसरों पर अपने दृष्टिकोण को साझा किया।

## आपके विचार...

# मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है भारतः अमित शर्मा

**जिंदगी में एक लंबी उड़ान तो भरना है, चाहे कितनी बार गिरना पड़े,**
**अपने सपनों को पूरा करना है, चाहे खुद से भी लड़ना पड़े।।**

जी हां कुछ ऐसी ही चुनौतियों से सामना करने वाले व स्वभाव के सरल ऐसे व्यक्ति से हम आज आपको मिलवाने जा रहें हैं। जिनके बारे में जितना बोला जाए शायद वह भी कम पड़ जाए। जो कि अपने सेवाभाव की बदौलत क्षेत्रीए लोगों के दिलों में बसे हुए है, जिनको राजनीति में आए हुए ज्यादा समय तो नहीं हुआ है लेकिन, इन्होंने अपने कार्य व मृदुलभाषी होने के चलते लोगों के दिलों में जगह बना ली है तथा अपने कार्यो के बदौलत त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है।
जी हां यहां पर हम बात कर रहें है त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित श्रीनगर में रहने वाले व कोहाट मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित शर्मा की।
**कम समय में पार्टी में बनाई जगहः** आपकी जानकारी के लिए बतादें कि अमित शर्मा को राजनीति में आए हुए लगभग दो साल हुए है और इन सालों में उन्होंने क्षेत्रीए लोगों व पार्टी में अपनी खासा जगह भी बना ली है, जिसके चलते पार्टी ने उन्हें युवा मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।





**बीजेपी की नीतियों से प्रभावित है लोग :** शर्मा ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना चाहिए और बीजेपी की नीतियां को लोक कल्याण के लिए जन-जन तक पहुंचाना है, जिससे की लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ भी मिल सकें इसके साथ ही भाजपा से अधिक से अधिक लोग जुड़े।
**मोदी की गारंटी का नाम ही है विकासः** उन्होंने कहा कि भाजपा के इन दस सालों के कार्यकाल के दौरान मोदी के नेतृत्व में भव्य राम लला का मंदिर बनाया गया है, तों वहीं भारत की छाती में नासूर बनकर पल रही धारा 376 को हटाया गया, इसके साथ ही तीन तालाक को खत्म कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश में सभी तबके के लोगों को ध्यान में रखते हुए कई तरह कि योजनाएं चलाई है जिससे की देश तरक्की और विकास की ओर अग्रसर है। जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की बुलंदियों को छू रहें है। आज देश के सभी वर्ग के लोग भाजपा व मोदी के कार्यों की प्रशंसा कर रहे है। क्योंकि मोदी की गारंटी मतलब विकास की गारंटी का दूसरा नाम है।
**भाजपा सरकार अपने वादों पर खरी उतरीः** शर्मा ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में कतई भी अंतर नहीं है, पार्टी जो कहती है वह करके भी दिखाती है। जब से देश में भाजपा की सरकार आई है तभी से देश में विकास ही विकास हो रहा है चाहे शहर की बात हो या फिर दूर दराज के गांव की मोदी ने सभी लोगों का एक बराबर बिना भेदभाव किए ध्यान रखा है।
**चलती फिरती झूठ की मशीन है केजरीवाल सरकारः** शर्मा ने कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तभी से दिल्ली का बंटाधार हो गया है। दिल्ली में विकास के नाम से आई केजरीवाल सरकार ने विकास करना तो दूर की बात है, दिल्ली की लूटिया ही डुबो दी है। आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली में विकास बस काग़जों मे ही सिमट कर रह गया है, धरातल पर विकास कोसो दूर है, जिसके चलते लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।
**-प्रस्तुतिः महेन्द्र सिंह**

# धर्म नगरी कुरुक्षेत्र से जीत दर्ज कर हरियाणा में रामराज्य की शुरूआत करेगी आप: डॉ सुशील गुप्ता

चुनावी यात्रा

8 कुरुक्षेत्र में भी धर्म और अधर्म की लड़ाई, धर्म की जीत निश्चित: डॉ. सुशील गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्न गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बुधवार को थानेसर विधानसभा के सेक्टरों और कॉलोनियों में चुनावी यात्रा शुरू की। इससे पूर्व उन्होंने रामनवमी के अवसर पर आजाद नगर स्थित अपने घर और प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर कुरुक्षेत्र के अच्छे भविष्य और देश में सुख शांति की कामना की। इसके बाद डॉ. सुशील गुप्ता ने ई रिक्शा में बैठकर चुनाव प्रचार किया और कुरुक्षेत्र की जनता के हकों की आवाज उठाने का वादा किया। इस दौरान जनता ने डॉ सुशील गुप्ता का दिल खोलकर स्वागत किया।
उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा थानेसर के शांति एनक्लेव से शुरू की। इसके बाद वे शास्त्री मार्केट में लोगों से मिले। वहां से कच्चा घेर मार्केट में लोगों से रूबरू हुए। इसके बाद विवेकानंद कॉलोनी में पहुंचे। यहां से नहर कॉलोनी, सेक्टर-5, सेक्टर-7, मोहन नगर, सेक्टर-2, सेक्टर-7 और लाडवा के गांव लोहारा में लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया।
इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।
डॉ. सुशील गुप्ता ने दुकानदारों और जनता को राम नवमी की बधाई देते हुए कहा कि व्यक्ति अपने गुणों और कर्मों से ही पहचान बनाता है। भगवान श्री राम भी अपने स्वभाव, गुणों और कर्मों के कारण मदार्या पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने राजपाट छोड़ 14 साल वनवास में बिताए, लेकिन फिर भी एक श्रेष्ठ राजा कहलाते हैं क्योंकि उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मयार्दा के मार्ग पर चलते हुए राज किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी रामराज्य की अवधारणा और आदर्श से प्रेरणा लेकर दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही है। आम आदमी पार्टी की कोशिश है कि कोई भूखा न सोएं, हर गरीब को मुफ्त राशन मिले, बेघरों के लिए रहने, खाने और पीने की व्यवस्था की जाए, हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, हर व्यक्ति को अच्छा और मुफ्त इलाज मिले, महिलाओं को सुरक्षा मिले, हर व्यक्ति को 24 घंटे बिजली, पीने का पानी और सम्मान मिले। अब दिल्ली और पंजाब में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिलने लगी है और हर व्यक्ति को मुफ्त इलाज मिल रहा है।

# सक्षम एप पर चार श्रेणियों में मतदाताओं को मिलेगा सभी सेवाओं का लाभ : उपायुक्त

मतदान

8 दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम एप नामांकन से लेकर मतदान के दिन की सुविधाओं तक वन स्टॉप शॉप



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का उपयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। यह एप दिव्यांग मतदाताओं के लिए नामांकन से लेकर मतदान के दिन की सुविधाओं तक वन-स्टॉप शॉप है। दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) मतदाता इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं।
उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि मतदाताओं द्वारा एप के बढ़ते उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन, लेआउट, इंटरफेस और सुविधाओं को नया रूप दिया गया है। सक्षम एप के इंटरफेस को उपयोगकर्ता के लिए अधिक अनुकूल बनाया गया है जिसमें उपयोगकर्ता स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन आदि के माध्यम से एप को नेविगेट कर सकता है। दिव्यांगजन मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाने तक एप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एप को डिजाइन करते समय दिव्यांगजनों की सभी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा गया है।
इसके लिए दिव्यांगजन उपयोगकर्ता के पास एक सक्रिय मोबाइल नंबर होना चाहिए, जिस पर एप की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ओटीपी भेजा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त राहुल नरवाल ने जिला के पंजीकृत मतदाताओं से की 25 मई के चुनाव में बढ़ चढकर मतदान करने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
उपायुक्त एवं जिल निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने जिला फतेहाबाद के 714803 पंजीकृत मतदाताओं से अपील की कि वे 25 मई को हरियाणा में होने वाले आम चुनावों में बढ़ चढकर मतदान करें, क्योंकि लोकतंत्र में हर वोट कीमती होता है और कभी-कभार तो प्रत्याशी मामूली अंतर से भी जीत दर्ज करता है।
उन्होंने बताया कि जिला में कुल 714803 मतदाता है जिनमें से 713336 सामान्य मतदाता तथा 1467 सर्विस मतदाता है। टोहाना विधानसभा में कुल 230076 मतदाता है, जिसमें से 229632 सामान्य मतदाता व 444 सर्विस मतदाता है। फतेहाबाद विधानसभा में कुल 257685 मतदाता है, जिसमें से 257059 सामान्य मतदाता व 626 सर्विस मतदाता है। रतिया विधानसभा में कुल 227042 मतदाता है, जिसमें से 226645 सामान्य मतदाता व 397 सर्विस मतदाता है।
उपायुक्त राहुल नरवाल बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप बनाई गई है। इस एप के माध्यम से कहीं पर यदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन की जानकारी नागरिकों को होती है तो वे इसके माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत का निपटान 100 मिनट के अंदर विभाग द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का निपटारा अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा नियमानुसार किया जाता है।

### पांची जाटान गांव में व्यक्ति के साथ मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
पांची जाटान गांव से अपने घर लौट रहे व्यक्ति के साथ गांव के दो युवकों ने मारपीट कर दी। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पांची जाटान निवासी मामन ने बताया कि उसने अपना घर खेत में बनाया हुआ है। वह 15 अप्रैल को वह घर जा रहा था तो रास्ते में आ रहा था तो गांव के ढीले ओर धर्मेंद्र ने उसे ई रिक्शा में बैठा लिया और कुछ दूर जाने के बाद उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपित ढीले व धर्मेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिरसा: अशोक तंवर व गोबिंद कांडा ने यूपीएससी में पास कोमल गर्ग को दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
यूपीएससी परीक्षा में अपने तीसरे प्रयास में 221 वां रैंक हासिल करने वाली 25 वर्षीय कोमल गर्ग पुत्र संजय गर्ग निवासी अग्रसेन कालोनी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सिरसा के विधायक्र गोपाल कांडा ने फोन पर कोमल गर्ग और उसके परिजनों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा व डा अशोक तंवर ने कोमल को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। कांडा बधुओं ने कहा कि देशभर में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली कोमल पर सिरसावासियों को गर्व है।
सिरसा की अग्रसेन कालोनी गली नंबर पांच निवासी संजय गर्ग और चंचल गर्ग की 25 वर्षीय पुत्री कोमल गर्ग ने यूपीएससी परीक्षा में अपने तीसरे प्रयास में 221 वां रैंक हासिल किया है। जिसे पर पूरा सिरसा गर्व कर रहा है। कोमल को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने उनके आवास पर पहुंचकर कोमल गर्ग को गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। दूसरी ओर सिरसा के विधायक गोपाल कांडा ने फोन पर कोमल गर्ग और उसके परिजनों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कांडा बंधुओं ने कहा कि देशभर में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली कोमल पर सिरसावासियों को गर्व है। कोमल गर्ग ने अपनी 12 वीं तक की पढ़ाई महाराजा अग्रसेन स्कूल सिरसा से पूर्ण की इसके बाद उसने दिल्ली विश्व विद्यालय के मिरांडा हाऊस कालेज से स्नातक किया, बाद में इग्नू से लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री हासिल की।

## शराब के नशे में पत्नी को लोहे की राड से पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
दातौली गांव में शराब के नशे में एक पति ने अपनी पत्नी की लोहे की राड से बुरी तरह से पिटाई कर दी। पिटाई करने के बाद पति उसे जान से मारने की भी धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में कुरुक्षेत्र की रहने वाली नवनीत कौर ने बताया कि उसका दातौली गांव के विकास शर्मा के साथ वर्ष 2012 में प्रेम विवाह हुआ था। विकास शादी के बाद शराब पीने लगा और शराब पीकर उसके साथ मारपीट करने लगा। 16 अप्रेल की सुबह उसके पति विकास ने लोहे की राड से उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की भी धमकी दी।

# फरीदाबाद के विकास के लिये कृष्णपाल गुर्जर ही एकमात्र विकल्प है: हरीश

लोकसभा

8 सारा देश हरियाणा में कांग्रेस हाई कमान को हुड्डा बाप-बेटे के चुंगल में लाचार व बेबस होता देख रहा है



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
समाजसेवी हरीश चन्द्र आजाद ने कहा है कि फरीदाबाद की लोकसभा सीट से केवल और केवल भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर ही शहर के विकास के लिये जनता के पास एकमात्र विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी पार्टी की विचारधारा से नहीं जुड़ा हुआ हूँ मेरा फर्ज तो केवल और केवल अपने देश और शहर के विकास की विचारधारा से जुड़ा रहता है इसलिये मैंने अपने जीवन में फरीदाबाद के सांसदों की कार्यशैली को बहुत ध्यान से देखा और समझा है। शहर के प्रथम सांसद स्व. धरमवीर वशिष्ठ से लेकर अब तक के दसवें सांसद कृष्णपाल गुर्जर की कार्यशैली व केन्द्र सरकार में दबदबे पर नजर डालें तो आप पायेंगे कि कृष्णपाल गुर्जर से पहले जो सांसद रहे हैं जैसे धरमवीर वशिष्ठ, तैयब हुसैन, रहीम खान, खुर्शीद अहमद, भजनलाल, अवतार सिंह भडाना (3 बार), राम चंदर बैंदा (3 बार) कभी भी केन्द्र में मंत्री नहीं रहे, अपने क्षेत्र के लोगों के बीच कभी नहीं रहते थे, अपनी ओर से एक भी बड़ी परियोजन पास नहीं करवा पाये और कृष्णपाल गुजर जी लगातार दोनों बार केन्द्र में मंत्री हैं जो शहर में चारों ओर बड़ी-बड़ी परियोजनों को लायें है जिनपर लगातार कार्य चल रहा है जिसके शत-प्रतिशत परिणाम जनता को आने वाले 5 वर्षों में दिखेंगे जब यह परियोजनायें पूरी तरह कार्य करनी लगेंगी इसलिये शहर के विकास के लिये कृष्णपाल गुर्जर को जिताना हमारा कर्तव्य बनता है क्योंकि कृष्णपाल गुजर की पकड़ राज्य सरकार और केन्द्र सरकार दोनों में अच्छी है जिसका पूरा फायदा हमारे शहर को मिल रहा है और मिलता रहेगा।
हरीश आजाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से हम क्या उम्मीद कर सकते हैं जो पार्टी हरियाणा में हुड्डा बाप-बेटे के चुंगल में फंसकर अभी तक अपने उम्मीदवार तक घोषित नहीं कर पा रही है और इन्हीं बाप-बेटे के चक्कर में हरियाणा में पिछले 11 वर्षों से संगठन भी नहीं बना पा रही है उस पार्टी से शहर के या प्रदेश के विकास की बात सोची भी कैसे जा सकती है। सारा देश हरियाणा में कांग्रेस हाई कमान को हुड्डा बाप-बेटे के चुंगल में लाचार व बेबस होता देख रहा है।
आजाद ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि लोकसभा के चुनावों में फरीदाबाद के शहर के लोगों को पाटीर्वाद से ऊपर ऊठकर केवल और केवल कृष्णपाल गुर्जर को ही वोट देना चाहिये जो लोग अपने शहर के विकास को प्रथमिकता देते हैं वह कृष्णपाल गुर्जर को ही वोट देगें। उन्होंने कहा कि मेरी विचारधारा को समझने वाले मेरे साथी जानते हैं कि मैं किसी पार्टी विचारधारा से कभी नहीं जुड़ा हूँ इसलिये अपने इन विचारों में भी किसी पार्टी का समर्थन करने की अपील नहीं कर रहा हूँ केवल अपने शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए अपना शहर के प्रति फर्ज निभाने के लिये कृष्णपाल गुर्जर का समर्थन कर रहा हूँ।

# हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, धूप में तप पर बैठे रहे पक्षकार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि प्रयागराज हाईकोर्ट में बहुत लंबी बहस चली, जिसमें हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष अधिवक्ताओं के मध्य में बहस हुई। मंगलवार को सूट नंबर एक पर हिंदू पक्षकार के अधिवकताओं की तरफ से बहस हुई और सूट नंबर एक में 7 रूल 11 पर अपना जवाब दिया गया। हिंदूवादी दिनेश शर्मा ने बताया कि पिछली डेट पर न्यायालय में मुस्लिम पक्ष की तरफ से बहस पूरी हो चुकी थी।
मुस्लिम पक्ष का कहना है कि सेवन रूल इलेवन के तहत यह मुकदमा चलने योग्य नहीं है, लेकिन हिंदू पक्ष कहना है कि यहां पर अतिक्रमण की भूमि है और इस जमीन पर पहले भी केस चल चुके हैं, इसलिए यह मुकदमा चलने योग्य है, उन्होंने कहा कि न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुना, सुनने के बाद में 22 अप्रैल की डेट लगा दी है। हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि मुस्लिम पक्ष के पास में कोई भी प्राचीन साक्ष्य नहीं है जिससे यह साबित कर सके कि मस्जिद पहले बनी है, लेकिन हिंदू पक्ष ने पहले ही न्यायालय में सभी साक्ष्य जमा कर दिए हैं।



फोटो परिचय–धूप में तपते हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा।

## फतेहाबाद जिला में हैं 714803 पंजीकृत मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
उपायुक्त एवं जिल निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने जिला फतेहाबाद के 714803 पंजीकृत मतदाताओं से अपील की कि वे 25 मई को हरियाणा में होने वाले आम चुनावों में बढ़ चढकर मतदान करें, क्योंकि लोकतंत्र में हर वोट कीमती होता है और कभी-कभार तो प्रत्याशी मामूली अंतर से भी जीत दर्ज करता है।
उन्होंने बताया कि जिला में कुल 714803 मतदाता है जिनमें से 713336 सामान्य मतदाता तथा 1467 सर्विस मतदाता है। टोहाना विधानसभा में कुल 230076 मतदाता है, जिसमें से 229632 सामान्य मतदाता व 444 सर्विस मतदाता है।

# गेहूं उठान के ठेकेदार जानबूझकर गेहूं उठाने में देरी कर रहे हैं: बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
- हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपने मंडी के दौरे पर आढ़ती व किसानों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकारी अधिकारी व अनाज उठान के ठेकेदारों की लापरवाही के कारण मंडियां पूरी तरह गेहूं से भरी हुई है और मंडियों के बाहर लंबी-लंबी लाईन अनाज से भरी हुई ट्रालियों की लगी हुई है। बरसात का मौसम होने के कारण पहले भी किसान की लाखों टन गेहूं व सरसों खराब हो गई है और मौसम विभाग के अनुसार आगे भी बारिश आने की संभावना जताई गई है। मंडियों में लगभग 30 लाख एमटी टन गेहूं आ चुकी है। गेहूं का उठान अब तक 10 प्रतिशत तक भी नहीं हुआ है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अनाज उठान के ठेकेदार पैसे लेने के चक्कर में जानबूझकर गेहूं का उठान करने में देरी कर रहे हैं। कई मंडियों से आढ़तियों ने बताया कि गेहूं उठान के नाम पर ठेकेदार 3 से लेकर 5 रुपए प्रति कट्टा तक मांग रहे हैं, जिसके कारण गेहूं उठान में देरी हो रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को तुरंत प्रभाव से गेहूं की खरीद व उठान करके किसानों को गेहूं खरीद का भुगतान करना चाहिए जबकि सरकार के अनाज खरीद, उठान व भुगतान 72 घंटे में करने के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं। सरकार द्वारा ना तो किसान की पूरी सरसों एमएसपी पर खरीद की गई है और अब किसान सरसों के साथ-साथ अपनी गेहूं को बेचने के लिए मंडियों में धक्के खा रहे हैं। जब तक मंडियों में से गेहूं खरीद उठान नहीं होता तब तक किसानों की फसल का भुगतान सरकारी एजेंसी नहीं कर रही है। सरकार को किसान की सरसों एमएसपी 5650 रुपए में पूरी खरीद करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकारी अधिकारी व ठेकेदारों की लापरवाही के कारण गेहूं उठान में देरी के कारण कोई गेंहू में घटती आती है तो उस घटती का पैसा आढ़तियों का ना काटकर सरकार को सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारी व गेहूं उठान के ठेकेदारों से रिकवरी करनी चाहिए क्योंकि गेहूं की सरकारी खरीद होने के बाद गेहूं सरकारी एजेंसियों की हो जाती है। इसमें आढ़तियों का कोई लेना-देना नहीं होता है।

# यूपीएससी में 166वां रैंक हासिल करने वाले आकाशदीप को दी बधाई

बधाई

8 संत गुरु रविदास सेवा समिति प्रधान दयानंद के साथ समिति के पदाधिकारियो ने बधाई दी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गन्नौर शास्त्री नगर के आकाशदीप ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 166वां रैंक हासिल करने पर शहर के लोगों द्वारा बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है।
आकाशदीन ने पांचवे प्रयास में सफलता हासिल की है। आकाशदीप की मां ममता, पिता राजकमल को बधाई देने वाले लोगों का ताता लगा हुआ है। संत गुरु रविदास सेवा समिति प्रधान दयानंद के साथ समिति के पदाधिकारी जितेंद्र टूर कर्मवीर भाटिया राम दिया रंग पाले राम कृष्ण रंग रामकुमार नेहरा रोहतास प्रताप बलबीर सुखबीर सिंह व भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा भाजपा नेता माईराम कौशिक, संजय गौतम आदि ने बधाई दी और मुंह मीठा कराया। आकाशदीप की 10वीं, 12वीं की पढाई शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। इसके बाद बीटेक आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश से की। जिसके बाद आकाशदीप की भारत पेट्रोलियम में बतौर आपरेशन आफिसर के रुप में नियुक्ति हुई, लेकिन चार महीने के बाद स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में लग गया। मेहनत रंग लेकर आई और पूरे भारत में 166वां रैंक प्राप्त किया है। आकाशदीप की सफलता से शहर में भी खुशी का माहौल है। आकाशदीप के माता व पिता को बधाई देने वालों को तांता लगा हुआ है।

# भव्य रामनवमी शोभा यात्रा में विभिन्न झांकियां देखकर अभिभूत हुए श्रद्धालु

शोभा यात्रा

8 कटला रामलीला कमेटी की धर्म ध्वजाओं से सुशोभित रामनवमी शोभा यात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धालु





**हिसार, 17 अप्रैल (महेंद्र गोयल) : टीम एक्शन इंडिया/**
श्री रामलीला कमेटी कटला ने संगीतमय पावन श्रीराम कथा के समापन के साथ ही भव्य रामनवमी शोभा यात्रा का आयोजन किया। महाराजा अग्रसेन भवन में जनकल्याण के निमित प्रातः हवन-यज्ञ के उपरांत हिसार के विभिन्न बाजारों में शोभा यात्रा निकाली गई। कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी के सान्निध्य में प्रथम पूज्य गणेश जी, भोले शंकर-पार्वती, वीर हनुमान, माता शेरांवाली, भगवान श्री तिरुपति बालाजी एवं प्रभु द्वारा राक्षसों का संहार करने सहित विभिन्न प्रसंगों पर आधारित झांकी शोभायमान रही। शोभा यात्रा में श्रीरामलला मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने एवं मतदान करने संबंधी झांकी को भी काफी सराहना मिली। शोभा यात्रा के वापस अग्रसेन भवन पहुंचने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।
श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि आठ दिन तक श्रीराम कथा में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। रामनवमी के दिन भव्य शोभा यात्रा में कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व मेयर गौतम सरदाना, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, दिनेश रावलवासिया, सतप्रकाश राजलीवाला व नरेश मंगालीवाला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन भवन में श्रीराम कथा का धूमधाम से आयोजन किया गया। गुरुधाम-जटारीधाम से पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने अपने श्रीमुख से भक्तों को आठ दिनों तक श्रीराम कथा का अमृतपान करवाया। उन्होंने श्रीराम जन्म, श्रीराम-जानकी विवाह, श्रीराम वनवास, भरत मिलाप, सीता हरण, शबरी प्रसंग व श्रीराम-सुग्रीव प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ-साथ सुंदरकांड, विभीषण शरणागति, लंका दहन, रामसेतु बंधन, राम-रावण युद्ध व राम राज्याभिषेक के प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया। कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने श्रीराम कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं को भक्त व भगवान की महिमा से रूबरू करवाया। उन्होंने कहा कि भगवान के लिए भक्त हमेशा छोटे बच्चे के समान होता है। भक्त चाहे गलती भी कर दे तो भगवान उसे माफ कर देते हैं। इसलिए यदि ज्ञान भी हो जाए तो भगवान का भजन नहीं छोड ?ा चाहिए। भगवान का भजन करने से ही भवसागर पार हो सकता है। सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व रमेश लोहिया ने बताया कि श्रीराम कथा के आठवें दिन प्रमुख उद्योगपति संजय गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजेंद्र गावडि ?ा, होशियार सिंह श्योराण, अंजनी खारिया वाले, अमित सिंगल, सुशील गोयल, प्रेम बंसल सिवानी वाले, राहुल गोयल, मुकेश अग्रवाल, नरेश सिंगल मंगालीवाले, दीपक गर्ग लाला हरिचंद सेवा सदन, रामनिवास राड़ा, नितेश डालमिया, मनीराम गोयल, नारायण दास बंसल, राजेश गुप्ता व डॉ. जे. पी. नलवा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

